इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

छत्तीसगढ़ होलसेल राखी भण्डार
प्रो. धनंजय गेन्ड्रे

पता : नंदई चौक, वार्ड नं. 40 राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 99077-57733, 62655-57585

वर्ष- 44 | अंक - 240 | राजनांदगांव, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## छत्तीसगढ़ विधानसभाः कांग्रेस के 30 विधायक एक दिन के लिए निलंबित, डीएपी उर्वरक आपूर्ति को लेकर कर रहे थे हंगामा

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को कांग्रेस के 30 विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। इन विधायकों ने राज्य सरकार पर डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान हुए हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह को सदन की कार्यवाही दो बार के लिये स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल में यह मुद्दा उठाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने राज्य में डीएपी की मांग और इसकी आपूर्ति के बारे में पूछा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस उर्वरक की कमी है। जवाब में राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि खरीफ फसल सीजन 2025 में, केंद्र द्वारा राज्य के लिए 3,10,000 मीट्रिक टन डीएपी का लक्ष्य रखा गया है।



### डीएपी की आपूर्ति में कमी दिखाई दे रही

उन्होंने बताया कि केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने अप्रैल से जून 2025 तक 2,19,100 मीट्रिक टन की आपूर्ति योजना जारी की गई है, जिसके सापेक्ष 30 जून तक 1,08,155 मीट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। पिछले सीजन (रबी 2024-25) के 40,746 मीट्रिक टन के बचत स्टॉक सहित कुल 1,48,900 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि चालू खरीफ सीजन में 30 जून तक जारी आपूर्ति योजना के सापेक्ष डीएपी की आपूर्ति में कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए, किसानों के लिए वैकल्पिक फॉस्फेटिक उर्वरकों का भंडारण किया जा रहा है और उनके बीच इनके उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पटेल ने दावा किया कि अभी तक कुल मांग का 50 प्रतिशत भी आपूर्ति नहीं हो पाई है और उन्होंने सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र को दी गई मात्रा के बारे में पूछा। मंत्री ने कहा कि डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग केंद्र सरकार के साथ निरंतर समन्वय में हैं। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक राज्य को कुल 18,885 मीट्रिक टन उर्वरक की आपूर्ति फिर से की जाएगी। गुरुवार को 718 मीट्रिक टन उर्वरक खरसिया (उमेश पटेल का निर्वाचन क्षेत्र) पहुँच जाएगा। यह सही है कि राज्य में डीएपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विधानसभा का मानसून सत्रः भू-राजस्व संहिता संशोधन, निजी विवि और पट्टा विधेयक भी पारित

रायपुर। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में गुरुवार को तीन विधेयक पारित हो गए। जिसमें भू राजस्व संहिता संशोधन विधेयक, निजी विश्वविद्यालय स्थापना और नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार (संशोधन) विधेयक को भी चौथे दिन पारित करवा लिया गया। ध्वनिमत से विधेयक पारित हो गया। इसे सीएम विष्णुदेव साय ने प्रस्तावित किया था।

**0 इन तीन विधेयकों को मिली मंजूरी**

1. छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय स्थापना विधेयक पारित हुआ। यह विधेयक सीएम विष्णु देव साय ने प्रस्तावित किया था। जिसे ध्वनिमत से प्रस्तावित करवा लिया गया। 2. छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 भी चौथे दिन पारित करवा लिया गया। यह विधेयक भी ध्वनिमत से पारित हो गया। इससे सदन के सामने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रस्तावित किया था। 3. छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार (संशोधन) विधेयक को भी चौथे दिन पारित करवा लिया गया। यह विधेयक भी राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रस्तावित किया था, जिसे ध्वनि मत से प्रस्तावित कराया गया।

## ओपी ने दी बड़ी जानकारीः बोले- हाऊसिंग बोर्ड ने ओटीएस-2 के तहत 920 संपत्तियों का किया विक्रय

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य शासन द्वारा संचालित वन टाइम सेटलमेंट योजना की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी दी। मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि OTS-2 योजना की शुरुआत 1 मार्च 2025 से की गई थी। इस योजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पूर्व में निर्मित रिक्त संपत्तियों को विशेष छूट के साथ आम नागरिकों को सुलभ कराना है। योजना में रिक्तता की अवधि के आधार पर संपत्तियों पर चरणबद्ध छूट दी गई है।



मंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि, 5 से 10 वर्ष पुरानी ऐसी संपत्तियाँ जिनमें कम से कम 20 प्रतिशत भाग रिक्त है, उन पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जबकि 20 प्रतिशत से अधिक रिक्तता होने की स्थिति में 30 प्रतिशत तक की छूट निर्धारित की गई है। वहीं 10 वर्ष से अधिक पुरानी रिक्त संपत्तियों पर भी 30 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने बताया कि वे संपत्तियाँ जो अब पहली बार योजना में सम्मिलित की गई हैं और जिनके निर्माण को 5 वर्ष पूरे हो चुके हैं, उन्हें 10 प्रतिशत छूट के साथ ऑफर में शामिल किया गया है। ये सभी छूट संपत्तियों के बेस प्राइस पर लागू होती हैं। इसके पश्चात ऑफर आमंत्रित किए जाते हैं, जिनमें नागरिक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से भाग लेते हैं, और सबसे उच्चतम मूल्य वाले को संपत्ति आवंटित की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि, इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और लोगों में बढ़ते विश्वास के परिणामस्वरूप 15 जून 2025 तक कुल 920 संपत्तियों का सफलतापूर्वक विक्रय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## यौन उत्पीड़न केसः ओडिशा में छात्रा की मौत के बाद बवाल, रोकी ट्रेन, हाईवे पर चक्काजाम, दुकानें बंद

नई दिल्ली। ओडिशा में छात्रा की मौत के बाद बवाल मचा है। कांग्रेस सहित 8 दलों ने गुरुवार को ओडिशा बंद बुलाया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर हो-हल्ला मचाया। भद्रक में ट्रेन रोक दी। भुवनेश्वर में बसों का चक्काजाम किया। यात्रियों को पैदल ही घर जाना पड़ा। हाईवे पर टायर जलाए। कई दुकानों को बंद रखा। मार्केट में सन्नाटा है। मयूरभंज में भी सड़क पर प्रदर्शन किया। सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी फोर्स तैनाती की गई है।



### बाजार और बैंक बंद

ओडिशा के भद्रक में मार्केट बंद है। दुकानों पर ताला लगा हुआ है। भुवनेश्वर में बैंक भी बंद हैं। सड़क पर सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी फोर्स की तैनाती की गई। भद्रक के चेन्नई-कोलकाता हाईवे पर प्रदर्शनकारियों ने टायर जला कर चक्काजाम किया।मयूरभंज में कई विपक्षी दलों ने राज्य सरकार के खिलाफ 'ओडिशा बंद' का आह्वान किया। बालासोर के फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने इंग्लिश डिपार्टमेंट के HOD समीर कुमार साहू के खिलाफ कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कुमार घोष से शिकायत की थी। छात्रा ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पेट्रोल-डीजल जल्द होगा सस्ता, कीमतों में होगी भारी कटौती ? सरकार का आ गया बड़ा बयान

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा 65 डॉलर के आसपास बनी रहीं तो तीन-चार महीनों में देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में कमी आ सकती है।



देश में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर आयोजित सबसे बड़े सेमिनार ऊर्जा वार्ता-2025 को संबोधित करते हुए पुरी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र की सभी तेल कंपनियों के पास 21 दिनों का भंडार है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत 67 डॉलर प्रति बैरल रहीं।

### अमेरिका का दवाब दरकिनार

वैश्विक स्तर पर भारी अनिश्चितता के बावजूद भारत में कमोवेश पिछले साढ़े तीन वर्षों में पेट्रोल, डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर रही हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने अमेरिका की तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के बढ़ते दबाव को दरकिनार किया है।

### भारत के पास पर्याप्त तेल भंडार

उन्होंने कहा कि हम अपनी जरूरत के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में जहां एनर्जी उपलब्ध होती है, वहां से खरीद रहे हैं और आगे भी ऐसा किया जाएगा। जहां तक किसी एक देश से तेल खरीदने की बात है तो अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल के पर्याप्त विक्रेता है और भारत के पास पर्याप्त तेल भंडार भी है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है और इसे रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत तौर पर पश्चिम एशिया मुख्य स्त्रोता था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल; ईडी की चार्जशीट में कई और नाम

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।



### क्या है मामला?

वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच (शेष पृष्ठ 6 पर...)

APEX SUPER
SPECIALITY HOSPITAL
कैंसर का संपूर्ण ईलाज

राजनांदगांव का एक मात्र सबसे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा...
07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall,
Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G.)

## ट्रंप प्रशासन की मनमानी पर भारत ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया, रूस-चीन के साथ मिलकर बनाया नया 'फ्रंट'



नई दिल्ली। रणनीतिक साझीदार होने के बावजूद जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी सरकार के कुछ सहयोगी भारत के साथ संबंधों पर टिप्पणी कर रहे हैं, उनका भारत ने बहुत ही करीने से कूटनीतिक जवाब दिया है। भारत ने संकेत दिया है कि बहुत लंबे समय से स्थगित चीन और रूस के साथ त्रिपक्षीय सहयोग वार्ता फिर से शुरू की जा सकती है।

यह संकेत गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ दिया गया है। वह भी तब, जब दो दिन पहले विदेश मंत्री जयशंकर चीन में वहां के विदेश मंत्री, उपराष्ट्रपति, सीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रपति से अलग-अलग मुलाकात कर चुके हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूस, भारत और चीन (आरआईसी) के बीच त्रिपक्षीय वार्ता की संभावना के बारे में बताया कि यह व्यवस्था तीनों देशों के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ाने, क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर बात करने के लिए है। आगे की बैठक को लेकर तीनों देश आपस में विमर्श कर फैसला करेंगे। जायसवाल के इस बयान के कुछ ही समय बाद चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि तीनों देशों के बीच सहयोग न सिर्फ इन तीनों देशों को मदद करेगा, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर शांति, सहयोग, स्थिरता व विकास को बढ़ावा देगा। चीन, भारत और रूस के साथ आरआइसी सहयोग पर बात करने को तैयार है। सनद रहे कि कुछ हफ्ते पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि उनका देश चीन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाराष्ट्र विधान भवन में एनसीपी (शरद) गुट और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प, जांच के आदेश

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति उस समय गरमा गई जब गुरुवार को विधान भवन में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच झड़प हो गई। घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और अन्य नेताओं ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं। मामले में भाजपा विधायक पडलकर ने माफी भी मांगी है।



यह झगड़ा विधान भवन की ग्राउंड फ्लोर लॉबी में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों गुटों के बीच कहासुनी तेजी से झगड़े में बदल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को और बिगड़ने से पहले दोनों गुटों को अलग कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

### क्या बोले पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड ?

घटना के बाद मीडिया से बातचीत में जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि अगर विधायक ही विधान भवन में सुरक्षित नहीं हैं, तो जनता का क्या होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि वह सिर्फ ताजी हवा लेने बाहर निकले थे, तभी यह झगड़ा हुआ। आव्हाड ने आरोप लगाया कि यह हमला उन्हें निशाना बनाकर किया गया था। वहीं, पडलकर ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है और उन्होंने किसी को नहीं पहचाना। जितेंद्र आव्हाड ने आगे कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि हमलावर कौन थे? हमसे बार-बार सबूत मांगे जा रहे हैं, जबकि पूरा देश देख चुका है कि हमला किसने किया। गुंडों को विधानसभा में घुसने दिया जा रहा है और विधायकों की सुरक्षा खतरे में है। मुझे गालियां दी गईं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत का दोहरा शक्ति प्रदर्शन, पृथ्वी-2 और अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइलों का किया सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को दो स्वदेशी कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी-2 और अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। दोनों मिसाइलों को ओडिशा तट के पास स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से लॉन्च किया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी।



रक्षा सूत्रों ने बताया कि इन प्रक्षेपणों ने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। ये परीक्षण सामरिक बल कमान की निगरानी में किए गए। जानकारी के अनुसार, अग्नि-1 मिसाइल का परीक्षण पहले अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जबकि कुछ समय बाद पृथ्वी-2 मिसाइल को चांदीपुर स्थित आईटीआर के लॉन्च पैड नंबर-3 से दागा गया।

अग्नि-1 मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर तक की है। इस मिसाइल का भार 12 टन है और यह 1,000 किलो के परमाणु हथियार को अपने साथ ले जा सकती है। अग्नि 1 मिसाइल को उन्नत सिस्टम प्रयोगशाला ने रक्षा अनुसंधान विकास प्रयोगशाला और रिसर्च सेंटर इमरात के साथ मिलकर विकसित किया है। मिसाइल को हैदराबाद स्थित भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने पूरा किया है। इस मिसाइल को सबसे पहले साल 2004 में सेवा में लिया गया था। जमीन से जमीन पर वार करने वाली इस मिसाइल को सॉलिड प्रॉपलैंट्स द्वारा बनाया गया है। पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है। पृथ्वी-2 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक के हथियारों को लेकर जाने में सक्षम है। सतह से सतह पर साढ़े तीन सौ किलोमीटर मार करने वाली मिसाइल है। इसमें लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम का उपयोग किया गया है। मिसाइल में एडवांस गाइडेंस सिस्टम लगा है जो अपने लक्ष्य को आसानी से मार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ का परचम, बिल्हा बना देश का सबसे साफ शहर

### एसएसएल में तीन शहरों ने बनाई जगह, मिला अवॉर्ड

रायपुर। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। बिल्हा नगर पंचायत 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में अब देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। तीन लाख से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा स्थान मिला है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए समारोह में इन तीनों नगरीय निकायों के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के कुल सात नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल हुए।



### रायपुर को छत्तीसगढ़ का प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का अवॉर्ड

भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अंबिकापुर, पाटन, विश्रामपुर और रायपुर ने भी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार शामिल नई श्रेणी स्वच्छता सुपर लीग (एसएसएल) में अंबिकापुर, पाटन और विश्रामपुर ने जगह बनाई है। यह सम्मान उन शहरों को दिया गया, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान वर्ष में शीर्ष 20 शहरों में शामिल हैं। अंबिकापुर ने 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में और पाटन और विश्रामपुर ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एसएसएल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इनके अतिरिक्त, राजधानी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का क्षणः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इन शहरों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों, स्थानीय निकायों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये पुरस्कार राज्य के अन्य शहरों को भी अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी आज पुरस्कृत नगरीय निकायों को बधाई दी और कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक सम्मान ही नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। आने वाले समय में अन्य नगरीय निकायों को भी स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होंगे। शहरी सरकारों से लेकर राज्य और केंद्र की सरकार शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिए कई नवाचारों के साथ सतत काम कर रहे हैं।

## पहला कॉलम...

### जितेंद्र सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को परोसा खीर-पूड़ी



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती निर्मला सिन्हा ने मिलकर शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम पेटेश्री में बच्चों को न्योता भोज परोसा गया। जितेंद्र सिन्हा के जन्मदिन के मौके पर अपना जन्म दिवस पर बच्चों के साथ मनाया, बच्चों को खीर पुरी पकवान भरोसा गया सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने जितेंद्र सिन्हा को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। न्योता भोज में प्रधान पाठक रेशुलाल सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं रसोइया उपस्थित रही।

### अतिक्रमण हटाना आवश्यक, पर पुर्नस्थापन भी ज़रूरी : जनहित मोर्चा

राजनांदगांव (दावा)। जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबु ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा अतिक्रमण हटाया जाना एक अच्छी पहल है जो केवल गुड़ाखू लाईन में ही अति आवश्यक था। ताकि आम नागरिकों को ट्रेफिक दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। किन्तु रोज आमदनी प्राप्त कर परिवार पालन पोषण करने वालों के लिए मुसीबत साबित हो गई है। इसी से रोजी-रोटी, दिनचर्या चलता है। जिला प्रशासन, निगम प्रशासन को विधिवत नोटिस देकर फ्लाईओवर के नीचे व्यवसाय करने वाले ठेले-खोमचे वालों को जिससे ट्रेफिक व्यवस्था में कोई अड़चन वर्तमान में नहीं है। अगर अनावश्यक रूप से हटाया भी जा रहा है तो अन्यत्र स्थान में शासन के नियमानुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, ताकि व्यवसाय कर परिवार का पालन पोषण कर सकें। इसके बेरोजगार होने से अपराध में बढोत्तरी होगी। उक्त जानकारी जनहित मोर्चा के सचिव घनश्यामदास वैष्णव ने विज्ञप्ति में दी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 23 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले विभिन्न व्यवसायों के रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय चरण में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक 23 जुलाई 2025 तक विभागीय वेबसाईट https://cgiti.admissions.nic.in पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

### भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक 21 को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 21 जुलाई 2025 को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत आई राशि से शहर के शौचालयों का हो रहा जीर्णोद्धार

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर के 51 वार्डों में 73 स्थानों में संचालित शौचालयों की मरम्मत हेतु 5 करोड़ की राशि आने से इनका मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है। इस क्रम में जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित शौचालय के अंदरुनी हिस्से स्थित कमरे का भी मरम्मत किया जा रहा है। बता दें कि 2 वर्ष पूर्व जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन रहे डॉ. के.के. जैन के समय हॉस्पीटल में हर वर्ष बारिश में पानी भर जाने के कारण इसे एक फीट ऊंचा उठाया गया था। उसी दौरान अस्पताल परिसर स्थित शौचालय का भी जीर्णोद्धार कर रंग-रोगन कराया गया था। शौचालय की चमक अब भी बरकरार है, लेकिन अंदरुनी कमरे के छत के प्लास्टर गिर रहे थे। इसकी जानकारी नगर निगम व पीडब्ल्यूडी वालों को दी गई थी। लेकिन मरम्मत करने में हील-हवाला करने के बाद में जून माह में इसका मरम्मत कार्य किया गया। लेकिन अधकचरा कार्य होने से शौचालय का सिलिंग माह भर भी नहीं टिक सका और भरभरा कर गिर गया, जिससे वहां कार्यरत यशवंत चौधरी के सिर में हल्की चोटें आई।

**सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित है शौचालय**

श्री चौधरी ने बताया कि उक्त शौचालय सुलभ इंटरनेशनल द्वारा चलाया जा रहा है। इस शौचालय का जिला चिकित्सालय प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है। इसकी देख-रेख का जिम्मा पीडब्ल्यूडी व नगर निगम का है। काफी शिकायत के बाद निगम प्रशासन द्वारा गत जून माह में 8 लाख की लागत से मरम्मत कार्य कराया गया था। जो कि माह भर भी नहीं टिक पाया और शौचालय के एक कमरे की सिलिंग भरभरा कर गिर गई। फिलहाल 15 जुलाई से ही वहां मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे अब वहां कोई परेशानी नहीं होने की बात कही जा रही है। शौचालय केयर टेकर यशवंत चौधरी ने यह जरूर बताया कि बारिश के दिनों में आसपास के नालों के संकुचित होने तथा समुचित रुप से साफ-सफाई नहीं होने से शौचालय तक गंदा पानी प्रवेश कर जाता है जिससे शौचालय में आने वाले लोगों को परेशानी होती है।



- जिला चिकित्सालय परिसर स्थित शौचालय का मरम्मत कार्य प्रारंभ
- नाला निर्माण होने से जलभराव की समस्या होगी खत्म

**नाला निर्माण से जल भराव होगा खत्म**

बताते चलें कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से जिला चिकित्सालय के आसपास के नालों के निर्माण के लिए साढ़े 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है। इसके तहत नारकन्हैया नाले से लेकर जिला चिकित्सालय तक का नाला निर्माण शामिल हैं। नाला के निर्माण के बाद ही सही मायनों में हास्पीटल के हिस्से में होने वाले जलभराव की समस्या समाप्त हो सकेगी।

बताते चलें कि खासकर बारिश के दिनों में जलभराव की वजह से पूरे हिस्से में आवाजाही मुश्किल होती है। बारिश में आसपास के गंदे नालों का पानी हास्पीटल के भीतर भी प्रवेश कर जाता है। शौचालय के पास भी डबरा भरा रहता है। नाला निर्माण के बाद जिला चिकित्सालय परिसर में आसपास के गंदे नालों का पानी भरने की समस्या से लगभग समाप्त हो जाएगी।

## न्याय पालिका का महत्व : विधि महाविद्यालय में प्रभावी संगोष्ठी संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिले के एक मात्र विधि महाविद्यालय में 'लोकतांत्रिक समाज में न्यायपालिका के महत्व' पर प्रभावी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और भविष्य में कानून के रखवालों के लिए 'संविधान के संरक्षक और अधिकारों के रक्षक' विषय पर विशेषज्ञ वेणुगोपाल ने सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया।

नगर के पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय ने शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन विधि के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। मुख्य वक्ता वेणुगोपाल जोशी, बूस्टअप स्मार्ट प्रिपरेशन के संस्थापक ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए सेमिनार की उपयोगिता पर चार-चांद लगा दिए। श्री जोशी विधि स्नातकों और विधि की शिक्षा ग्रहण करने वालों को मार्गदर्शन करने के क्षेत्र में योगदान करते आ रहे हैं। सेमिनार के विषय पर श्री जोशी ने प्रभावी वक्तव्य देते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.निमिषा मिश्रा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संविधान की आत्मा को अंगीकार करने का आव्हान किया।

संगोष्ठी को सफलता की ऊंचाई प्रदान करने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ.अल्का चौहान, अतुल सोनी, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, आदित्य श्रीवास्तव एवं श्रीमती सोनाक्षी सिरवानी की सराहनीय भूमिका रही। संचालन की कड़ी में श्रीमती सिरवानी ने प्रभावी छाप छोड़ी। सेमिनार के शानदार आयोजन के उपरांत डॉ.अल्का चौहान ने अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में महाविद्यालय परिवार के नीरज श्रीवास्तव, श्रेया यादव, अतुल सोनी, प्रेरणा तिवारी, नुजहत, विद्या एवं बीरबल का योगदान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने भविष्य में भी सहयोग प्रदान करते रहने का निवेदन किया।

## शिवनाथ महाविद्यालय में कैंटीन का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। वर्षों से बहुप्रतीक्षित छात्रों की मांग एवं नैक की ग्रेडिंग के लिए जरूरी कैंटीन का शुभारंभ शहर के प्रथम नागरिक मधुसूदन यादव महापौर नगर निगम के मुख्य आतिथ्य एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पार्षद रवि सिन्हा एवं जनभागीदारी समिति के समस्त सदस्यों के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कैंटीन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी मितेश वर्मा पिता बिसेलाल वर्मा को सौंपी गई है। मधुसूदन यादव एवं रवि सिन्हा ने कहा की कॉलेज कैंटीन परिसर के भीतर एक जीवंत केंद्र प्रतीत होता है, जो न केवल खाने-पीने की जगह के रूप में बल्कि छात्रों के बीच सामाजिक मेलजोल और बौद्धिक चर्चाओं को भी बढ़ावा देता है। यह जानकर खुशी होती है कि यह छात्रों के लिए एक पसंदीदा जगह है, जो परिसर जीवन में इसकी लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है। छात्र यहां काफी समय बिताते हैं। यह दर्शाता है कि यह एक आरामदायक और स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करता है। यह केवल खाने-पीने की जगह से कहीं अधिक है। यह एक ऐसा स्थान है, जहां छात्र सार्थक बातचीत करते हैं। विचारों का आदान-प्रदान करते हैं और अपने पारस्परिक कौशल को निखारते हैं। इस तरह के अनौपचारिक माहौल में अक्सर विभिन्न विषयों पर गहन चर्चाएं होती हैं, जो कक्षा के बाहर छात्रों के बौद्धिक विकास में योगदान देती हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन छात्रों की विविध रुचियों को पूरा करते हैं। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर किसी को अपनी पसंद की कोई चीज मिल जाए। इससे न केवल भूख शांत होती है, बल्कि कॉलेज जीवन के समग्र सकारात्मक अनुभव में भी वृद्धि होती है। कुल मिलाकर कॉलेज कैंटीन सामाजिक और बौद्धिक दोनों रूप से परिसर के अनुभव को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा एक जीवंत और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने में योगदान देती है। उक्त कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र-छात्राएं एवं प्राचार्य श्रीमती निर्मला उमरे, मितेश वर्मा, आदित्य श्रीवास समस्त कॉलेज के स्टाफ प्रोफेसरगण उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन पहल : पहचान एग्जीबिशन का हुआ भव्य उद्घाटन



**रेलवे इंस्पेक्टर तरुणा साहू ने कहा राष्ट्र निर्माण में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन खंडेलवाल महिला मंडल की पहल पहचान एग्जीबिशन मिल का पत्थर साबित होगी**

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल महिला मंडल उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सचिव भगवती खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष शशि खंडेलवाल ने बताया कि अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल के अथक प्रयासों से आज दो दिवसीय महिला स्वावलंबन पहचान एग्जीबिशन का पारंपरिक भव्य उद्घाटन 16 जुलाई बुधवार समय दोपहर 3:30 बजे लाल रिबन पुष्प गुच्छ खोलकर भव्य उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू एवं अतिथि प्रांतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अनीता लोहिया, विप्र फाउंडेशन महिला अध्यक्ष साधना तिवारी, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, खंडेलवाल समाज अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मार्गदर्शक श्याम खंडेलवाल एवं महेश्वरी पंचायत अध्यक्ष पवन डागा सपत्नीक, समाजसेवी सौरभ खंडेलवाल, खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल, उपाध्यक्ष प्रतीक खंडेलवाल सचिव चिराग खंडेलवाल कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल सहित खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल एवं संपूर्ण कार्यकारिणी की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह हुआ।

शक्ति प्रेरणा स्वरूप दीप प्रज्वलन गणपति वंदना एवं समाज कुलभूषण संत शिरोमणि सुंदरदास महाराज व धरती मां का पूजन मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू रेलवे इंस्पेक्टर एवं अन्य अतिथियों की सहभागिता से हुआ। अतिथियों को तिलक लगाकर एवं प्रकृति को हरा-भरा रखने हेतु स्वागत हरे-भरे पौधे एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अतिथियों को सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण में खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य भारत की प्रगति में आत्मनिर्भर भारत में स्वावलंबी महिला स्वावलंबन पहचान एग्जिबिशन एक माध्यम है। आज हमारे बीच महिलाओं की प्रेरणा मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा साहू रेलवे इंस्पेक्टर की भूमिका में मंच पर उपस्थित है। आप घर परिवार एवं देश सेवा में सहभागिता निभाते हुए छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध पंडवानी गायन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आप हम महिलाओं की प्रेरणा है। मुख्य अतिथि श्रीमती तरूणा साहू ने कहा कि पहचान छोटी ही सही अपनी होनी चाहिए। राष्ट्र निर्माण में महिला स्वावलंबन पहल पहचान एग्जिबिशन खंडेलवाल महिला मंडल का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत में महिला स्वावलंबन यह सरहानीय पहल मिल का पत्थर साबित होगा। लगभग 40 स्टॉल, 10 राज्यों की संस्कृति, कला, पारंपरिक परिधान, विभिन्न सामग्री एवं खानपान के स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए गए हैं।

## सिख छात्र-छात्राओं को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान : 19 जुलाई को रायपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह




- सिख छात्र छात्राओं को मिलेगा राज्य स्तर पर सम्मान- 19 जुलाई को रायपुर में होगा प्रतिभा सम्मान समारोह
- छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का पांचवां आयोजन

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिख विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर सम्मानित करने की अभिनव पहल छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पिछले चार साल से की जा रही है। 19 जुलाई को रायपुर स्थित खालसा स्कूल में 'सिख विद्यार्थी राज्य प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में वर्ष 2025 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सिख छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि करेंगे सम्मानित इस गरिमामयी कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा मौजूद रहेंगे। साथ ही, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चवन्नी, छग अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, खाद्य आयोग अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, तथा खालसा शिक्षक समिति अध्यक्ष राजवंत सिंह गरेवाल भी मंच पर उपस्थित रहेंगे।

स्वर्ण और रजत पदक से होगा सम्मान कार्यक्रम में राज्य व केंद्रीय बोर्ड में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, दूसरे स्थान वालों को सिल्वर मैडल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी चयनित छात्रों को मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ में सिख समुदाय के शिक्षा क्षेत्र में योगदान को भी रेखांकित करेगा।

जिन सिख विद्यार्थियों ने 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वे या उनके अभिभावक एसोसिएशन से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन और विवरण व्हाट्सएप के माध्यम से निम्नलिखित नंबरों पर भेजे जा सकते हैं-94252-56592-93028-09125 जी.एस. बॉम्बरा संयोजक, छग सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन गुरुद्वारा परिसर महावीर नगर, रायपुर (छ.ग.) 98271-97480 से आमंत्रण और संपर्क जानकारी ले सकते है।

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

क्रमांक/130/लोक कर्म शाखा/ न.पा.प/2025 — डोंगरगढ़, दिनांक 17/07/2025

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की अध्यक्ष निधि/ पार्षद निधि अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु लोक कर्म शाखा में एकल पंजीयन द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 01/01/2015 एवं रोड एस.ओ.आर. 01/01/2025, पी.एच.ई. एस.ओ.आर. 2020 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 से प्रभावशील एवं निविदा तिथि तक संशोधित एसओआर से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर पर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित करती है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से मुंहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित करती है।

निविदा प्राप्त करने हेतु आवेदन के साथ जीवित एकल पंजीयन, आयकर (पेनकार्ड), जीवित जीएसटी पंजीयन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

01.निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **07/08/2025** कार्यालयीन समय तक
02.परिक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **11/08/2025** कार्यालयीन समय तक
03. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - **19/08/2025** दोपहर 3.00 बजे तक.
04. निविदा खुलने की तिथि - **19/08/2025** शाम 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | अध्यक्ष एवं पार्षद निधि अंतर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य। (सामग्री क्रय को छोड़कर) (कुल 25 कार्य)। | 99.75 | 12 माह |


**टीप:-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय बेवसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़**





dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 18 से — रोजाना 4 खेल
सुपर डूपर हीट, बम्फाड़ धमाका
तुझे मेरी कसम
साल 2003 का धांसू धमका
कला : रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, आसरानी, शक्ति कपूर




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-6-0
359-7 138-2
राजधानी
3-5-8
246-2 139-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202507092200024**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व
सत्र:- 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार फरजाना बेगम
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका फरजाना बेगम आ. अख्तर हुसैन जाति मुसलमान सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका स्वयं फरजाना बेगम आ. अख्तर हुसैन का जन्म दिनांक 12.04.1975 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2025 को जारी किया जाता है।

Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़

---

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202507093700023
अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश बुद्धदेव आ. शशिकांत बुद्धदेव, निवासी-गायत्री स्कूल के पास केसर नगर, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला पुरानी सिविल लाईन स्थित शीट क्रमांक 47 सी, भूखण्ड क्रमांक 40/1, क्षेत्रफल 145.45 वर्गमीटर जो धारक दीपक बजाज आ. घनश्याम दास बजाज, निवासी-अनुपम नगर राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 28.21 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 30.07.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

---

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202507093700017
अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेश बुद्धदेव आ. शशिकांत बुद्धदेव, निवासी-गायत्री स्कूल के पास केसर नगर, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला सिनेमालाईन स्थित शीट क्रमांक 48 बी. भूखण्ड क्रमांक 231/1, क्षेत्रफल 325.77 वर्गमीटर जो धारकगण अली असगर आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, हुनैद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, खुर्शीद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, असमा हुसैन आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, निवासी-सिनेमा लाईन, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 29.118 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर ऑनरशीप मे नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख **30.07.2025** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक **14.07.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

---

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202507093700022
अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कविता बुद्धदेव ध.प. कमलेश बुद्धदेव, निवासी-गायत्री स्कूल के पास केसर नगर, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला सिनेमा लाईन स्थित शीट क्रमांक 48 बी, भूखण्ड क्रमांक 231/1, क्षेत्रफल 325.77 वर्गमीटर जो धारकगण अली असगर आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, हुनैद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, खुर्शीद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, असमा हुसैन आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, निवासी-सिनेमा लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 11.739 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर ऑनरशीप में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख **30.07.2025** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक **14.07.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

---

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202507093700021
अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश बुद्धदेव आ. शशिकांत बुद्धदेव, निवासी-गायत्री स्कूल के पास केसर नगर, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला सिनेमा लाईन स्थित शीट क्रमांक 48 बी, भूखण्ड क्रमांक 231/1, क्षेत्रफल 325.77 वर्गमीटर जो धारकगण अली असगर आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, हुनैद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, खुर्शीद अली आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, असमा हुसैन आ. स्व. मुल्ला इमरान अली, निवासी-सिनेमा लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 13.842 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर ऑनरशीप में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख **30.07.2025** को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक **14.07.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

# शराब पीने प्रार्थी से पैसे मांगने वाला तीसरे फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे मांगने वाले फरार आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि घटना कारित कर वह फरार चल रहा था।वह अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ गया।




बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने आरोपी का नाम ईश्वर यादव उर्फ बोगो पिता झाडूराम यादव उर्फ पुरू यादव उम्र 24 साल निवासी कौरिनभांठा बताया है। मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि प्रार्थी द्वारा गत दिनों रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह कमला कॉलेज चौक में गुपचुप ठेला लगाता है। गत 13 जुलाई की रात्रि 10 बजे दुकान को बंद कर अपने घर जा रहा था, तभी रात्रि साढ़े 10 बजे के करीब जब वह बंगाली चाल के पास पहुँचा तभी अर्जुन धनकर, नेतराम यादव एवं ईश्वर यादव तीनो इसे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की।

## आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा जेल

उसके द्वारा पैसा देने से इंकार करने पर तीनो ने उसे मां बहन की अश्लील गाली गुप्ता कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। उक्त रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 307/25 धारा 296,351(2)119(1)3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों के सकुनत में दबिश देकर आरोपी अर्जुन धनकर एवं नेतराम यादव उर्फ खतम यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा प्रकरण के अन्य आरोपी ईश्वर यादव घटना कारित कर फरार था।

इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश मे उनके नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी ईश्वर यादव उर्फ बोंगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## बाजार में सब्जी लेने गए युवक की बाइक पार

राजनांदगांव (दावा)। छुरिया थाना क्षेत्र के चिचोला में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम करने वाले एक युवक की बाइक साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदते समय चोरी हो गई। युवक ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना 15 जुलाई बुधवार की बताई जा रही है। पीड़ित युवक ने बताया कि वह दोपहर करीब 2 बजे अपनी पुरानी हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर बाइक (क्रमांक सीजी0 जेड 0640) से चिचोला नारायणपुर साप्ताहिक बाजार गया था। उसने बाजार के पास झूरा नदी के पास अपनी बाइक खड़ी की और सब्जी लेने बाजार चला गया। वापस आने पर उसे अपनी बाइक वहां नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिली, जिसके बाद थक-हार कर उसने थाना छुरिया में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी हुई बाइक की कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस ने आरोपी से 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री की रकम की जप्त

## लंबे अरसे से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी न्यायालय में किया गया पेश



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक आरोपी के पास से 18 पौवा देशी शराब और बिक्री की रकम 160 रुपए जब्त की है। इसी के साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी वारंटी का नाम नितेश उर्फ नैतिक पिता टीकाराम हुमने उम्र 28 साल निवासी केशर नगर कंचनबाग थाना कोतवाली बताया जाता है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर में अवैध शराब बिक्री किये जाने संबंध में संज्ञान में लेते हुए अवैध शराब कोचियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। जिस पर राहुल देव शर्मा अति. पुलिस अधीक्षक एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में उनके द्वारा शराब कोचियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यावाही हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी संतोष यादव पिता शोभाराम यादव उम्र 48 साल निवासी इंदिरा नगर को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने पर आरोपी के विरूद्व थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 311/2025 धारा 34(ए) आबकारी एक्ट की तहत् कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि गत 17 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर आरोपी संतोष यादव पिता शोभाराम यादव उम्र 48 साल निवासी इंदिरा नगर का गौरवपथ अस्पताल कॉलोनी के सामने अवैध रूप से धन अर्जित करने की उद्देश्य से अवैध रूप से बिक्री करते पाये जाने से आरोपी के कब्जे से 18 नग देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 1440 रूपये एवं बिक्री रकम 160 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्व आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया। साथ ही लंबे अरसे से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी नितेश उर्फ नैतिक पिता टीकाराम हुमने उम्र 28 साल निवासी केशर नगर कंचनबाग को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पति-पत्नी और मासूम बच्ची दुर्घटना के बाद सड़क पर तड़प रहे थे फरिश्ता बन पहुंची खैरागढ़ पुलिस

## ट्रैफिक पुलिस की तत्परता और मानवीयता से बची महिला की जान




खैरागढ़ (दावा)। एक परिवार की जान उस समय बच गई जब खैरागढ़ ट्रैफिक पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया। डोंगरगढ़ से गंडई की ओर बाइक से जा रहे एक परिवार जिसका ढिमरीन कुआं के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे पति-पत्नी और उनकी तीन साल की मासूम बच्ची सड़क पर गिर कर बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दर्दनाक हादसे में पत्नी अनिता चेलक (22 वर्ष) को सिर में गंभीर चोट आयी, जबकि पति और बच्ची को खरोंच बस आयी। हादसे के तुरंत बाद संयोगवश खैरागढ़ ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन वहां से गुजर रही थी। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, बिना समय गंवाए गाड़ी रोकी और घायलों की मदद के लिए आगे आए। पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए तीनों को तुरंत अपनी वाहन में बैठाया और छुईखदान अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए,कहा कि यदि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती,तो अनिता की जान बचाना मुश्किल हो सकता था। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सजग और संवेदनशील पुलिस न केवल कानून व्यवस्था संभालती है, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर आमजन की जान भी बचा सकती है। खैरागढ़ ट्रैफिक पुलिस का यह कार्य मानवता का परिचायक है।

# माहेश्वरी भवन में महिलाओं का हुआ दो दिवसीय एग्जीबिशन समारोह, सम्मानित की गई महिलाएं

## आत्मनिर्भर भारत की 'पहचान एग्जीबिशन' खंडेलवाल महिला मंडल की पहल



राजनांदगांव (दावा)। आत्मनिर्भर भारत में महिला स्वावलंबन के लिए खंडेलवाल महिला मंडल की पहल से दो दिवसीय एग्जीबिशन माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया। एग्जीबिशन का आयोजन शहर की खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा किया गया। दो दिन तक चले इस कार्यक्रम में सावन सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन कर एग्जीबिशन का समापन किया गया। समापन समारोह में पूर्व महापौर हेमा देशमुख, समाज सेवी मौसमी शर्मा व पत्रकार निखत परवीन का हरे-भरे पौधों से अतिथियों का सम्मान किया गया। पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा महिलाओं को आत्म निर्भर व स्वावलंबन से महिलाओं को रोजगार दिया गया।

### पहचान एग्जीबिशन की गई प्रशंसा

एग्जीबिशन की प्रशंसा करते हुए खंडेलवाल महिला मंडल की यह पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरला खंडेलवाल, उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सचिव भगवती खंडेलवाल, प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल, मंच संचालन राधा खंडेलवाल, मेघा खंडेलवाल, रोशनी खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल ने बताया कि पहचान एग्जीबिशन मे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश व अन्य राज्यो के लगभग 40 स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाए गए हैं आए स्टालों में तरह-तरह की व्हेरायटी जैसे सावन, तीज को देखते हुए एवं राखी के शुभ अवसर पर पहचान एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक खंडेलवाल महिला मंडल की पहल पर यह एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण महिला मंडल एवं सभी खंडेलवाल महिला कार्यकारिणी सदस्यों ने सहभागिता निभाई और विशेष योगदान रहा।

# चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले 5 बदमाशों को धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 5 आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस द्वारा इन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर आज गुरुवार 17 जुलाई को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर रामजी देवांगन पिता द्वारिका प्रसाद देवांगन उम्र 34 वर्ष निवासी भेड़ीकला, तेजराम कंवर पिता स्व. मनबोध कंवर उम्र 53 वर्ष निवासी बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर 1, अजय कुमार कंवर पिता स्व. भोजराम कंवर उम्र 30 वर्ष निवासी बजरंगपुर नवागांव वार्ड नंबर 1, योगेश उर्फ ओकेश कुमार यादव पिता मुन्ना यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम भाटागांव तथा बिट्टू साहू उर्फ हेम कुमार पिता स्व. जगन्नाथ साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम भाटागांव चौकी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# डोंगरगढ़ एवं मंदिर ट्रस्ट के सर्वाधिक विकास हेतु महिलाओं ने भी मोर्चा संभाला





डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है 20 तारीख को मतदान होना है। जिसे ध्यान में रखते हुए चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी रात दिन एक कर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं।

## ट्रस्ट मंडल के संचालन हेतु 20 जुलाई को होगा मतदान

इस बीच देखने को मिला कि महिलाएं भी समूह बनाकर अपने समर्थक दल के सभी प्रत्याशियों को विजय दिलाने प्रचार अभियान में निकल पड़ी है। देखा जाय तो डोंगरगढ़ एवं मंदिर ट्रस्ट के सर्वाधिक विकास को लेकर महिलाओं ने भी मोर्चा खोल दिया। प्रचार अभियान में निकली महिलाएं सेवा दल के लिए पैनल टू पैनल सर्वाधिक वोट के लिए मतदाताओं के घर-घर जाकर आशीर्वाद मांग रही है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन में गुटबाजी को बढ़ावा देने का आरोप, प्रदेश अध्यक्ष पर भड़के सदस्य

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में पेंशनर्स एसोसिएशन (पंजीयन क्रमांक 1844) के भीतर गुटबाजी गहराती जा रही है। हाल ही में ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर स्थित पेंशनर भवन में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पर गुटबाजी को बढ़ावा देने और मनमानी करने का गंभीर आरोप लगाया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को मानने से इनकार करते हुए डॉ. के.एल. टांडेकर को पुनः प्रदेश अध्यक्ष और के.पी. सिंह को महासचिव के रूप में पुर्नस्थापित करने का संकल्प लिया।

### मासिक बैठक का आयोजन

पेंशनर्स एसोसिएशन की नियमित मासिक बैठक सोमवार 14 जुलाई को पेंशनर भवन में हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि डी.एन. साहू और अध्यक्ष डॉ. के.एल. टांडेकर थे। राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों राजनांदगांव, छुरिया, कुमरदा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ से पेंशनर्स पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई।

### नए सदस्यों का स्वागत और जन्मदिन समारोह

जिला अध्यक्ष जी.आर. देवांगन ने एजेंडा अनुसार कार्रवाई शुरू करते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद जिला और तहसील स्तर पर भी निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होनी है, जिसके लिए सभी तहसीलों में मतदाता सूची विधिवत तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने पेंशनर्स भवन के संचालन पर भी जानकारी दी। विगत माह सेवानिवृत्त हुए नए सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। जुलाई माह में जिन वरिष्ठ पेंशनरों का जन्मदिन था। उनका भी केक काटकर और दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।



### गुटबाजी और प्रदेश अध्यक्ष पर आरोप

हालांकि बैठक का मुख्य मुद्दा संगठन में बढ़ती गुटबाजी रही। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. के.एल. टांडेकर ने बताया कि चुनाव के बाद जिस तरह से जिले में गुटबाजी बढ़ रही है, उसे वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष समाप्त करने की बजाय और प्रश्रय दे रहे हैं, जिससे पेंशनरों में भारी आक्रोश है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक बैठक में जिसे प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं बुलाया था, उन्होंने एक विशेष व्यक्ति को जिलाध्यक्ष संबोधित कर उसका हौसला बढ़ाया। जिसका अन्य सदस्यों ने पुरजोर विरोध किया। सदस्यों का कहना था कि उन्हें उम्मीद थी कि प्रदेश अध्यक्ष सभी पेंशनरों को एक मंच पर लाने का कोशिश करेंगे, लेकिन वे राजनांदगांव के चंद पेंशनरों के प्रभाव में आकर अपनी मनमर्जी चला रहे हैं।

### वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को मानने से इंकार

उपस्थित सभी पेंशनरों ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के कृत्य की कड़ी निंदा की और उनके कार्यों को पेंशनर्स हित में न मानते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष मानने से इनकार कर दिया। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व की भांति छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के विधिवत संचालन का संकल्प लिया।

### पुनः डॉ. के.एल. टांडेकर को अध्यक्ष बनाने का संकल्प

बैठक में यह संकल्प पारित किया गया कि डॉ. के.एल. टांडेकर को पुनः प्रदेश अध्यक्ष तथा के.पी. सिंह को महासचिव और अन्य प्रदेश पदाधिकारियों को यथावत पुनर्स्थापित किया जाए। सदस्यों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि प्रदेश अध्यक्ष जिले के अध्यक्ष के रूप में किसी अन्य व्यक्ति को थोपने का प्रयास करेंगे तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन का समर्थन

डॉ. के.एल. टांडेकर ने जानकारी दी कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश के समस्त पेंशनर्स भी कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन में जा रहे हैं। पेंशनर्स एसोसिएशन इस आंदोलन का समर्थन करता है और 22 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन में पेंशनर्स भी शामिल होंगे।

### एकजुटता का आह्वान

डी.एन. साहू ने अपने आशीर्वचन में सभी से एकजुट होकर कार्य करने की मंशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह संगठन हमेशा नीतिगत और नियोजित बातों का समर्थन करता रहा है और जो लोग उनकी एकता को तोडने का प्रयास करेंगे, उनका वे सामना करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष देवान की कार्यप्रणाली से सभी पेंशनर्स असंतुष्ट हैं, इसलिए पूर्व की भांति डॉ. के.एल. टांडेकर और के.पी. सिंह के नेतृत्व में पेंशनर एसोसिएशन की गतिविधियां संचालित की जाएं। सभी उपस्थित पेंशनरों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में ए.एच. अंसारी, जी.आर. देवांगन, के.आर. साहू, एस.के. टेभरें, जी.डी. वैष्णव, मानसिंह ठाकुर, आर.के. रथी, बी.टी. वाल्दे, विजय कुमार निषाद, एच.एस. हुसैन, डी.एल. चंद्रवंशी, जी.एल. सोनबोईर, होमचंद साहू, हरिश्चंद्र साहू, एम.के. अत्री, एस.डी. साव, हमीरचंद साहू, एस.आर. नागेश्वर सहित लगभग 60 पेंशनर्स साथी उपस्थित थे।

# बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने तथा ड्राप आउट को रोकने के लिए प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में दिया प्रशिक्षण




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा एवं कैरियर मार्गदर्शन और बच्चों के ड्राप आउट को रोकने के लिए प्रोजेक्ट जूनियर-जी को जिले में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम और पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का सही मार्गदर्शन करना है जिससे वे गलत दिशा में न जाए। इसके लिए कॉलेज के अच्छे बच्चों को इसमें जोड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कॉलेज के बच्चों को लीडरशीप करने का अच्छा मौका मिल रहा है। कॉलेज के अच्छे बच्चे जो बड़े भाई और बड़ी बहन की तरह छोटे बच्चों को अपने अच्छे अनुभव के साझा कर सकते हैं। उनके द्वारा भविष्य, पढ़ाई, कैरियर मार्गदर्शन और मनोबल को बढ़ाने में मदद कर सकते है। पीपीआईए फेलो अमित परिहार द्वारा प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, महाविद्यालयों के प्राध्यापक, स्कूली प्राचार्य उपस्थित थे।

# 'बिजली न्याय आंदोलन' के तहत डोंगरगांव में कांग्रेस का जनविरोध प्रदर्शन, बिजली कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



डोंगरगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में की जा रही निरंतर एवं अन्यायपूर्ण वृद्धि के खिलाफ 17 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के नेतृत्व में डोंगरगांव बिजली कार्यालय के समक्ष जोरदार जनविरोध प्रदर्शन किया गया। यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 'बिजली न्याय आंदोलन' में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं डोंगरगांव ब्लॉक प्रभारी रमेश खंडेलवाल सहित कांग्रेसजनों द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन कार्यपालन अभियंता, बिजली विभाग डोंगरगांव को सौंपा गया।

जिसमें निम्नलिखित प्रमुख मांगें की गई। जिसमें घरेलू, व्यवसायिक एवं कृषि उपभोक्ताओं की बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। किसानों को पूर्ववत रियायती दरों पर कृषि विद्युत सेवा उपलब्ध कराई जाए। बिजली बिलों में अनियमितता, ओवरबिलिंग और विभागीय भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती पर शीघ्र नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। ब्लॉक स्तर पर स्थायी बिजली हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए जिससे उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव ने चेतावनी दी है कि यदि इन जनहितैषी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक ढंग से चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस जनआंदोलन के माध्यम से कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह आम जनता, किसानों और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों के लिए सदैव संघर्षशील रहेगी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज उठाती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव आज के इस आयोजन में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं डोंगरगांव ब्लॉक प्रभारी रमेश खंडेलवाल, प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश साहू, शहर प्रभारी अखिलेश नखत, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, पार्षद सद्दाम खत्री, प्रियंक जैन, पूर्व नप अध्यक्ष संध्या साहू, मदन साहू, महेंद्र वैष्णव, रोशन यदु, विरेंद्र बोरकर, श्रुत शुक्ला, वैशाली बोरकर, संजय संचेती, नरेंद्र साहू, रितेश राजपूत, लीलेश पटेल, कमलेश साहू, मंगलू राम, जीवन देवदास, कुंभ जोशी, अमित ठाकुर, पुस्पेंद्र नेताम, संदीप रत्नाकर, इंदु साहू, पुरुषोत्तम साहू, मुरली निशाद, महेंद्र भोसले, भुआल साहू, किरिट साहू, किशोर बनाफर, गौतम वर्मा, लेखूराम देवांगन, रामकुमार वैष्णव, राकेश साहू, धनेश केवट, सुंदर साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया सावन उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। रिद्धि-सिद्धि कालोनी की महिलाओं ने कजरी और बरसाती गीतों का सामूहिक गायन कर सावन उत्सव मनाया। नगर में शांति और हरियाली की समृद्धि की कामना करते हुए गणेश मंदिर में पूजा और प्रार्थना की गई तथा कालोनी के गार्डन में फूल पौधे लगाए गए। कालोनी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस बार भी कालोनी की महिलाओं ने सावन उत्सव का आयोजन किया और झूले पर झूलकर बरसाती गीत गाकर आनंद मनाया। सोसायटी के निर्देशानुसार गार्डन में छोटे फूल पौधे लगाए गए और मंदिर में सामूहिक पूजा अर्चना की गई। इस आयोजन में शशि भदौरिया, चंद्रा राय, संगीता कोठारे, अर्चना राठी, प्रीति शर्मा, रंभा पांडेय, विजया पिल्लै, विद्या साहू, सुनीता हिरवानी, उषा मिश्रा, शैली साहू, चंद्रा बरु सहित रेणु शर्मा, अनिता पाठक आदि का विशेष सहयोग रहा।

## अनमोल दावा

***मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए तभी वह महान बनता है।***

## सम्पादकीय

# अमेरिका पर आर्थिक संकट : ट्रम्प के अड़ियल रवैये से अमेरिकन त्रस्त

अमेरिका का आर्थिक पक्ष शनैः शनैः कमजोर हो रहा है। जिसके कारण, फिलहाल अमेरिका अनेक संकटों का सामना कर रहा है। लगभग 6 माह पहले डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के प्रेसिडेन्ट बने थे, तब ऐसा समझा जा रहा था कि वे अमेरिका के आर्थिक पक्ष को सुदृढ़ करेंगे। विशेष यह कि ट्रम्प राजनीतिज्ञ के साथ व्यापारी भी हैं। उन्हें व्यापार की बखूबी समझ है। हालाकि, सत्तासीन होने के बाद ट्रम्प ने जो उत्पात मचाया है, उससे अमेरिका के सभी क्षेत्रों में तनाव बढ़ा है। खास कर इन्डस्ट्रियल और हेल्थ सेक्टर में भारी उथलपुथल मची है। अमेरिका भारी भरकम कर्ज में डूबा हुआ है। यूं तो तो अमेरिका सुपर पावर कन्ट्री है। फलस्वरूप, वह मैनेज करने में मास्टर है। ऋण अदा करना तो सरकार का टेन्शन है। किन्तु, औद्योगिक गृहों की समस्याएं दूसरी हैं। डोनाल्ड ट्रम्प पर टैरिफ का भूत चढ़ा हुआ है। जिसके कारण अनेक उद्योगपतियों की नींद हराम हो गई है। हालात दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका के ही आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि डोनाल्ड ट्रम्प को सोच समझकर निर्णय करना चाहिए। टैरिफ लादने से निःसंदेह सरकार की आय में वृद्धि होगी। परन्तु, इसी के साथ उद्योगों पर विपरीत असर पड़ेगा। टैरिफ के कारण जिस चीज-वस्तुओं की अमेरिका आयात करता है, उसकी कीमत बढ़ जावेगी। सरकार शायद ऐसा सोचती है कि लोग विदेशी चीजों का उपयोग करने के बदले मेन इन अमेरिका की चीज-वस्तुएं खरीदेंगे। किन्तु, यह शत प्रतिशत संभव नहीं हैं। अनेक वस्तुओं का कोई विकल्प नहीं है। अनेक वस्तुओं के उत्पादन का खर्च अमेरिका में महंगा है। आयात करने से ही वे वस्तुएं वहां किफायत भाव से उपलब्ध होगी। उसे वहां की जनता को भुगतना पड़ेगा। पूर्व की अमेरिका सरकारों ने ऐसा सब सोच समझकर ही निर्णय लिया होगा। ट्रम्प अपने आप को श्रेष्ठ साबित करने शीघ्रता से निर्णय ले रहे हैं।

केवल 6 माहों में ही अमेरिका के 371 कम्पनियों ने अपने को दीवाला घोषित कर दिया है। यह ट्रम्प के निर्णयों का दुष्परिणाम है। पिछले 15 सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ है। कई कम्पनियां बरबाद हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका को फिर से ग्रेट बनाने की बात कर रहे हैं, किन्तु उनके निर्णयों से अमेरिका फर्स्ट बनने के बदले वर्स्ट बनेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

अमेरिका का कुल कर्जा 3071 खरब रूपयों का है। उस पर कर्ज का पहाड़ लदा है। कर्ज डालर में कुल 37 ट्रिलियन डालर है। रूपए में इसकी गणना करें तो यह आंकड़ा 3071 खरब का आंकड़ा है। ट्रम्प के प्रेसिडेन्ट बनने के बाद अमेरिका की जीडीपी में बहुत गिरावट आयी है। परन्तु, वर्तमान में अमेरिका का अर्थतंत्र रसातल में जा रहा है। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां अमेरिका को चीन के बगैर चैन ही नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के विरोधियों, प्रतिद्वंदियों और दुश्मनों को तो टैरिफ से परेशान कर रहे हैं। किन्तु, उन्होंने तो अपने मित्र देशों को भी नहीं छोड़ा है। जो लोग हर विपरीत परिस्थिति में अमेरिका के साथ रहे हैं, उन्हीं देशों को भी ट्रम्प परेशान कर रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प के लिए सबसे बड़ी चुनौती अमेरिका के अर्थतंत्र को फिर से दौड़ाने की है। रूस युक्रेन युद्ध में अमेरिका ने फिर से युक्रेन को मदद करने का निर्णय लिया है। इजराइल और हमास के युद्ध विषय पर अनेक अवरोध है। अमेरिका ने गाजा पर कब्जा करने का निर्णय लिया है। परन्तु, यह कैसा होगा? यह प्रश्न है। डोनाल्ड ट्रम्प को अभी अनेक समस्याओं का समाधान करना है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड डील 'ओ.के.' नहीं हुई है। संभवतः निकट के दिनों में डील होगी। कई बाबतें ऐसी हैं, जिसमें अमेरिका कोई समझौता करने तैयार नहीं होगा। अमेरिका के उद्योगपति चाहते हैं, भारत के साथ शीघ्रता-शीघ्र डील होनी चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प अपने विशेषज्ञ सलाहकारों की कितनी सलाह मानते हैं? यह भी देखना होगा।

## कविता

### बहाना

तुम नहीं पास
फीका लगता सब कुछ,
दौर गुजरने में लगता
दुभर।
कितने पलों से हो
गया कहा सुनी,
क्यूँ चुभा जाते हर वक्त
ये पल सूली।
अब नहीं सहा जाता इन पलों
का ताना,
तुम्हारे लौटने का ढूंढ़ता हूँ
बेसब्री से बहाना।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धी कालोनी
राजनांदगांव

# डॉक्टरों की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी

**आर.के. जैन**

जब एक देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और उसकी नींव मानी जाने वाली मेडिकल शिक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए तो यह केवल एक घोटाला नहीं, बल्कि लाखों लोगों के भरोसे और भविष्य पर सीधा हमला है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल में सनसनीखेज खुलासे के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और निजी मेडिकल कॉलेजों के बीच गहरे भ्रष्टाचार के जाल को उजागर किया है। 34 लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी ऐसी सच्चाई सामने लाई है, जो न केवल मेडिकल शिक्षा की विसनीयता, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र के प्रति जनता का विश्वास भी हिलाती है।



यह घोटाला स्वास्थ्य मंत्रालय के गलियारों से शुरू होता है, जहां अधिकारियों ने बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के साथ मिल कर ऐसा तंत्र बनाया जो नियमों को तोड़ने-मरोड़ने का पर्याय बन गया।

गोपनीय दस्तावेज की चोरी, निरीक्षण कार्यक्रम लीक होना, और मूल्यांकनकर्ताओं की जानकारी कॉलेजों तक पहुंचना-सब सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। इस सेटिंग ने मेडिकल कॉलेजों को वह मौका दिया जिसके जरिए वे निरीक्षण प्रक्रिया को धोखे में बदल सके। कॉलेजों ने इस अवसर का पूरा फायदा उठाया। फर्जी संकाय की नियुक्ति, काल्पनिक मरीजों को भर्ती दिखाना और बायोमेट्रिक उपस्थिति पण्राली में हेरफेर जैसे हथकंडे अपनाए गए। यह सब रित के खेल का हिस्सा था, जहां लाखों रु पये हवाला के जरिए लेन-देन किए गए। यह धन न केवल व्यक्तिगत लाभ, बल्कि सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों के नाम पर भी इस्तेमाल हुआ। खुलासा सवाल उठाता है कि क्या पवित्रता का मुखौटा पहन कर भ्रष्टाचार को छिपाना अब आम बात हो गई है?

मेडिकल शिक्षा का उद्देश्य कुशल और नैतिक डॉक्टर तैयार करना है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करें लेकिन जब यह प्रक्रिया ही भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो तो पढ़ कर निकलने वाले डॉक्टरों की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। यह घोटाला मेडिकल शिक्षा की वैश्विक साख पर गहरा प्रहार करता है। भारत, जो चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर जाना जाता है, ऐसे घोटालों के कारण विसनीयता खो रहा है। उन लाखों छात्रों का क्या जो भारी-भरकम फीस चुका कर इन कॉलेजों में पढ़ते हैं? क्या उनकी मेहनत और सपने भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ जाएंगे?

यह घोटाला मेडिकल शिक्षा तक सीमित नहीं है। इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। निजी मेडिकल कॉलेजों का व्यावसायीकरण पहले ही शिक्षा को विलासिता बना चुका है। मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए मेडिकल शिक्षा का सपना और दूर हो जाता है। हवाला के जरिए रित का लेन-देन अर्थव्यवस्था को खोखला करता है। यह धन, जो जनकल्याण के लिए उपयोग हो सकता था, भ्रष्टाचार के काले गलियारों में गायब हो रहा है। धार्मिक-सामाजिक कायरे के नाम पर इसका इस्तेमाल न केवल नैतिकता पर सवाल उठाता है, बल्कि समाज के प्रति गहरे विश्वासघात को भी दर्शाता है। यह घोटाला एनएमसी की कार्यपण्राली पर भी सवाल उठाता है।

एनएमसी को भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था लाने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस घोटाले ने तमाम दावों की पोल खोल दी। स्पष्ट है कि नियामक ढांचे में गहरी खामियां हैं। निरीक्षण प्रक्रिया को डिजिटल और स्वचालित करना, स्वतंत्र ऑडिट अनिवार्य करना, और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो इस तंत्र को मजबूत कर सकते हैं। यह सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमारा भी दायित्व है कि हम शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों को भ्रष्टाचार से मुक्त करने की दिशा में प्रयास करें।

यह घोटाला एक कड़वी सच्चाई सामने लाता है कि हमारी व्यवस्था में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, लेकिन यह अवसर भी है-सुधार का अवसर, जवाबदेही का अवसर और ऐसी व्यवस्था बनाने का अवसर, जो नैतिकता और पारदर्शिता पर टिकी हो। सीबीआई की कार्रवाई एक शुरुआत है, लेकिन यह तभी सार्थक होगी जब इसके परिणामस्वरूप ठोस बदलाव आएं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि मेडिकल शिक्षा का हर स्तर-प्रवेश से लेकर मान्यता तक-पारदर्शी और जवाबदेह हो।

यह न केवल उन छात्रों के लिए जरूरी है, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, बल्कि उन करोड़ों मरीजों के लिए भी जरूरी हैं, जिनका जीवन इन डॉक्टरों के हाथों में होता है। यह घोटाला चेतावनी है। बताता है कि हमारी व्यवस्था की कमजोरियों ने हमारे विश्वास से ठगी की है, और हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। हमारी मेडिकल शिक्षा को भ्रष्टाचार के इस काले साये से मुक्त कराना होगा। बेशक, यह लंबी लड़ाई है, लेकिन अगर हम एकजुट होकर भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ खड़े हों, तो हम एक ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं, जो न केवल कुशल डॉक्टर तैयार करेगी बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी निभाएगी। आइए, इस घोटाले को सबक बनाएं और एक नये, पारदर्शी और नैतिक भारत की नींव रखें।

# कैंसर के इन लक्षणों से सावधान!



कैंसर का नाम सुनते ही लोगों के पसीने छूट जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस जानलेवा बीमारी के लक्षणों को समय रहते पहचानना बेहद जरूरी होता है। आज हम आपको गैस्ट्रिक कैंसर के कुछ मुख्य लक्षणों के बारे में बताने वाले हैं।

बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना, गैस्ट्रिक कैंसर का लक्षण हो सकता है। इसके अलावा अगर आपके मल या फिर उल्टी में खून आ रहा है, तो आपको इस लक्षण को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए वरना आपको लेने के देने पड़ सकते हैं।

पेट में दर्द महसूस होना, अपच की समस्या या फिर सीने में जलन, इस तरह के लक्षणों को मामूली समझने की गलती न करें। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पेट से जुड़ी ये समस्याएं गैस्ट्रिक कैंसर जैसी खतरनाक और गंभीर बीमारी की तरफ इशारा कर सकती हैं।

क्या आपको भूख कम लग रही है या फिर थोड़ा खाना खाने के बाद ही पेट भरा हुआ लगने लगता है? अगर हां, तो हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये लक्षण गैस्ट्रिक कैंसर के दौरान दिखाई दे सकते हैं। अचानक वजन कम हो जाना भी इस बीमारी का संकेत हो सकता है।

मतली या फिर उल्टी की समस्या को नजरअंदाज करने की गलती न करें क्योंकि गैस्ट्रिक कैंसर के मरीजों को अक्सर इस तरह के लक्षण का सामना करना पड़ता है। ये आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः दुर्जन से दूर रहने और सज्जन को ढूंढने से अच्छा है, स्वयं सज्जन बनें और रहें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सठ सुधरहिं सतसंगति पाई। पारस परस कुधात सुहाई।
बिधि बस सुजन कुसंगत परहीं। फनि मनि सम निज गुन अनुसरहीं।।
(रामचरित मानस ~ 02/05 बालकांड)

तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि दुष्ट भी सत्संगति पाकर बदलने लगते हैं। उनमें सुधार प्रारंभ हो जाता है। जिस तरह पारस के स्पर्श से लोहा सोना हो जाता है, उसी तरह संतों के सानिध्य में दुष्टों का भी उद्धार होने लगता है। वहीं अगर सज्जन किसी कारणवश कुसंगति में पड़ गए तो भी मणि की भांति सर्प के विष को ग्रहण नहीं करते और प्रकाशित रहने के अपने स्वाभाविक गुण को नहीं छोड़ते हैं।

अच्छी संगति का अपना महत्व है। अच्छे लोगों के साथ में रहने के अनेक लाभ हैं। ऐसी संगति मनुष्य को न सिर्फ अच्छे कार्यों में प्रवृत्त करती है, बल्कि एक ऐसी सकारात्मकता का भी निर्माण करती है, जिससे मनुष्य नयी ऊर्जा ग्रहण कर पाता है। ठीक इसके विपरीत दुष्टों की संगति में होता है। वे अपने मन-मस्तिष्क की ध्वंसात्मक और नकारात्मक सोच से अपने आसपास के वातावरण में भी वैसी ही ऊर्जा बनाते हैं। सज्जनों की संगति अगर हमेशा न मिले और दुष्टों के साथ रहने की परिस्थिति बने, तब क्या करें? स्वयं सज्जन बने रहने का प्रयास करें। अगर आसपास अच्छे लोग हों, तब तो ठीक है, अन्यथा स्वयं के आचार-विचार व्यवहार में इतनी ताकत पैदा करें कि आसपास उपस्थित दुष्ट व्यक्ति आपको प्रभावित न कर सके। ऐसा होने पर अच्छे-बुरे के निर्धारण और चयन की दुविधा नहीं रहेगी।

## शब्द सामर्थ्य -112


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल**



## सू- दोकू क्र.112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.111 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

### जॉच अधिकारी ईमानदार, तो भागे भ्रष्टाचार

बानी बोले कुलक कर,
सुनिए गजाधर! आज
अपने नगर राजनांदगांव के लिए
अत्यन्त खुशी की बात
हमारे नगर के विधायक
और विधानसभा अध्यक्ष
डॉ. रमन सिंह के प्रयास से
विधानसभा क्षेत्र को मिली
शहरी विकास की बड़ी सौगात।
मालूम गजाधर! विकास कार्यो के लिए
तिरसठ करोड़ पैंसठ लाख से
अधिक रूपए मिले हैं।
हम सबके तो मन सुमन खिले हैं।
इन कार्यो में 19 करोड़ 96 लाख से अधिक
स्टेट स्कूल परिसर में
दो हजार सीटर अडिटोरियम निर्माण,
14 करोड़ 69 लाख की लागत से
गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण
करीब 14 करोड़ 42 लाख से सेन्ट्रल लायब्रेरी
एवं 500 सीटर रीडिंग जोन परिसर का निर्माण
और मोहारा प्लान्ट से....।
गजाधर बीच ही में कह उठे- बस-बस बानी!
ऐसे एक से एक विकास कार्य सुनते-सुनते
हमें डर लगने लगते हैं।
हमारे मन में शंकास्पद विचार जगने लगते है
ऐसा न हो कि इतने करोड़ से, हमारा शहर भी
कहीं, न बन जाए भ्रष्टाचार की पहचान।
इसलिए हम प्रार्थना करते है.
हे संकट मोचन वीर हनुमान !
हमारे शहर के जॉच अधिकारियों को
ऐसा चुस्त-चौकस, कर्त्तव्यनिष्ठ,
ईमानदार बना दें! कि वे यहॉ से
भ्रष्टाचार को भगा दें।



-गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### असल-नकल

प्रदीप भोले की मां का आकस्मिक निधन हो गया था। समाज के बहुप्रतिष्ठित व्यक्ति होने के कारण सुबह से उनके आलीशान बंगले पर मृतक माताश्री को श्रद्धांजलि देने हेतु लोगों का तांता लगा हुआ था।

भोले जी की माता के पार्थिव शरीर को श्मशान ले जाने के पूर्व पंडित जी ने विधि विधान के साथ पूजा पाठ किया। फिर पंडित जी ने कहा- सोने का एक छोटा सा टुकड़ा मृत माताश्री के मुंह पर रख दीजिए। इतना सुनते ही वहां खुसर फुसर होने लगी। कुछ ही पल में सन्नाटा भी छा गया।

ऐसी स्थिति में भोले जी की नौकरानी तुरंत बाथरूम में गई और अपनी नाक में पहनी लौंग (फूली) को निकाल कर उसे दो टुकड़े में तोड़ दी। बाथरूम से निकलकर सोने का एक टुकड़ा पंडित जी को देते हुए बोली- लीजिए पंडित जी, इसे माताजी के मुंह में रख दीजिए।

यह देखकर वहां उपस्थित भोले जी एवं उनके धनाढ्य परिजन-शुभचिंतकों को लगा मानो नौकरानी ने अपनी उदारता से सबके गाल पर तमाचा जड़ दिया हो। नौकरानी का यह कृत्य भोले जी की मां की आत्मा भी देख रही थी। वह बुदबुदाई असली-नकली रिश्ते की पहचान हो गई। मेरी आत्मा को शांति भी मिल गई।



**विजय मिश्रा 'अमित'**
पूर्व महाप्रबंधक (जन) अग्रोहा कॉलोनी
पोऑ- सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013
मो. 9893123310

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रोजेक्ट पूरा करने में सीनियर से हेल्प मिलेगी।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए ख़ास रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप कोई नया काम भी कर सकते हैं, जिसमें आपको धन का लाभ होगा। आज आपके बॉस आपसे प्रसन्न रहेंगे तथा वह आपके काम को देखकर आपकी पदोन्नति कर सकते हैं या फिर आपको बोनस इत्यादि भी दे सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज आप किसी व्यर्थ के काम को करने से बचें। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप बिजनेस में किसी भी प्रकार का फेर बदल ना करें। आज आप ऑफिस में मन लगाकर काम करेंगे, आपके प्रमोशन के चांसेस बढ़ सकते हैं। आप अपने घर में किसी प्रकार का धार्मिक काम करवा सकते हैं, जिसमें आप अपने खास अतिथियों को आमंत्रित करेंगे।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा, जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। आज आपको आपके ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी प्राप्त हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक से बड़ा धन लाभ होगा, परिवार में खुशियां आएंगी। शादीशुदा रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा, आप लोग शॉपिंग करने जा सकते हैं। आज आप किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर थोड़ा कंट्रोल रखें, जिससे आपके रिश्ते ख़राब न हों। महिलाएं आज घर को सजाने संवारने का काम करेंगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जो लोग ऑटोमोबाइल के सेक्टर से जुड़े हैं, आज उनको बढ़िया धन लाभ होगा। आज आपके वे सारे काम पूरे होंगे, जिनके लिए आप इतनी मेहनत कर रहें हैं। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास काफ़ी हद तक बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप को शुरू करने की योजना बना सकते है, जिसमें पेरेंट्स का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों के लिए दिन थोड़ा सा हेक्टिक भरा हो सकता है क्योंकि नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। आपको सुखद अनुभूति होगी। स्पोर्ट्स खेलने वालों को आज कोच का साथ मिलेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आज कपड़े के व्यापारियों को धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगें, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आप बाजार खरीददारी करने जाएं तो सबसे पहले सामान की लिस्ट बना लें, जिससे व्यर्थ की चीजों को आप उठाकर न लें आयें। संतान पक्ष से आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं, घर में खुशहाली आएगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज इलेक्ट्रोनिक सामान का बिजनेस करने वालों को बढ़िया लाभ होगा। परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं। नौकरी करने वाले आज सावधानी से काम करें, आपकी एक छोटी से गलती भी किसी काम को ख़राब कर सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने का मन बना सकते हैं। आज आपको संतान के ऊपर गर्व करने का अवसर मिलेगा, आसपास के लोग भी तारीफ करेंगे। यदि आप कोई मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं, तो आज के लिए दिन शुभ रहेगा और आपके काम बन सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आज आप पैसों के मामलें में लेन ङ्क देन करते समय थोड़ी सावधानी बरतें। आप अपनी माताजी से आज अपने मन की किसी इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी करने की कोशिश करेंगी।

# खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, बेरीगेट तोड़कर सौंपा ज्ञापन

छुरिया (दावा)। ब्लॉक के समितियों में खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने जंगी प्रदर्शन कर बेरीगेट तोड़कर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जहां उच्चाधिकारियों ने पर्याप्त मात्रा में डीएपी एवं युरिया उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद युवा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

उल्लेखनीय है ब्लॉक के अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में खाद का संकट गहरा गया है। क्षेत्र में बुवाई एवं रोपाई का कार्य अंतिम चरणों में है। जहां फसल के बेहतर पैदावार के लिए डीएपी, खाद किसानों द्वारा डाला जाता है। लेकिन खेती किसानी कार्य में समितियों में पिछले दो माह से खाद नहीं होने से किसान परेशान है। इन समस्याओं को लेकर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने खाद उपलब्ध कराने कृषि विस्तार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।

ज्ञापन सौंपने के बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया गया। फलस्वरूप युवा कांग्रेस एवं किसानों ने गुरूवार को नेशनल हाईवे में चक्काजाम की चेतावनी दी थी। जिसको लेकर पुलिस ने दो जगह बेरीगेट लगाये थे। जहां स्वयं एसडीओ डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी



### घण्टे भर रही हंगामे की स्थिति

छुरिया, संतोष भूआर्य, चिचोला टीआई कृष्णा पाटले, मोहारा टीआई ढालसिंह, बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे। दोपहर बापूटोला पुलिया के पास युवा कांग्रेस एवं किसानों को रोका गया, जहां युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बेरीकेट को तोड़ते हुए दूसरे बेरीकेट के पास पहुंचकर चिचोला नेशनल हाईवे में चक्काजाम करने की मांग करने लगे। जहां लगभग आधे घण्टे तक बापूटोला मोड़ के पास पुलिस एवं युंकाईयों में झड़प होती रही।

युवा कांग्रेस एवं किसान छुरिया चिचोला मार्ग पर स्थित बापूटोला में धरने पर बैठ गए। लगभग दो घण्टे तक चिचोला छुरिया आवागमन मार्ग बाधित रहा। अधिकारियों के समझाईश के बाद युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों को शीघ्र ही खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस अवसर पर खुज्जी विधानसभा के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेखर मंडलोई, किसान नेता मदन नेताम, अनिल बाघमारे, छबि यादव, दीनू साहू, राजेन्द्र कतलाम, सुरेश शोरी, रोहित साहू, हौसी साहू, हेमन्त सिन्हा, जितेन्द्र मंडावी, तिलक मंडावी, दीपक निषाद, विनोद मंडावी, धिरेन्द्र तिवारी, गोदावरी, बुधारू मंडावी सहित क्षेत्र के युवा कांग्रेस एवं किसान शामिल हुए।

### चार दिनों में 400 मीट्रिक टन खाद मिलेगा किसानों को

युवा कांग्रेस एवं किसानों के धरना प्रदर्शन में तहसीलदार विजय कोठारी एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव एस.एल.देशलहरे एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी छुरिया जी.पी.सहाड़े ने बताया कि चार दिनों में समितियों में डीएपी एवं यूरिया का 400 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, तब जाकर युवा कांग्रेस एवं किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

## मुरई में साप्ताहिक बाजार का जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत ने किया शुभारंभ



**ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी सहूलियत**

खैरागढ़ (दावा)। ग्राम मुरई में साप्ताहिक बाजार के शुरुआत का ग्रामवासियों के द्वारा भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने विधिवत रूप से फीता काटकर साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामवासियों को इस सुविधा के लिए बधाई दी और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विक्रांत सिंह ने कहा कि साप्ताहिक बाजार के आरंभ से आसपास के गांवों के लोगों को अब सब्जी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी। बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामवासियों ने भी बाजार की शुरुआत पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### पीएम आवास योजना 2.0 के तहत वार्डवासियों को मिला भवन अनुज्ञा



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डो के लिए बीते बुधवार को दोपहर लगभग 1 बजे पीएम आवास योजना 2.0 के तहत 19 लोगों को भवन अनुज्ञा नगर पंचायत गंडई के सभागृह में प्रदान किया गया। हालांकि वर्तमान में 30 लोगों के नाम भवन अनुज्ञा जारी किया गया है। इस समय नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार, पार्षद दिलीप ओगरे, सुमन पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार, प्रकाश पटेल, मनीषा भोला मरकाम, सावत देवांगन, राकेश निषाद, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, ननकी देवी चतुर्वेदी, अमित टंडन, अशोक देवांगन, नारायण चतुर्वेदी सहित निकाय सीएमओ अविनाश देवांगन, इंजीनियर लोकेश शर्मा, किंशुक यादव सहित निकाय के अन्य कर्मचारी व पदाधिकारी शामिल रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान अन्तर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण




डोंगरगांव (दावा)। शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 15 जुलाई को महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ.ए.के.धमगाए के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर तथा छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण किया गया। देशव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों जामुन, आंवला, नीम, अमरूद, गुलमोहर आदि का रोपण किया गया। महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ.ए.के.धमगाए, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बालक डॉ. आशाराम साहू एवं प्रभारी बालिका प्रियांकी गजभिए तथा स्वयंसेवकों के द्वारा पौधरोपण किया गया। स्वयंसेवियों द्वारा पौधरोपण हेतु चयनित स्थान में खरपतवार की कटाई कर स्वच्छ किया गया तथा सभी विद्यार्थियों से पौधों के संरक्षण की अपील की गई। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास सहायिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### छुरिया तहसील के किसान संघ के अध्यक्ष बने बलराम साहू



छुरिया (दावा)। भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ के तहसील छुरिया के किसान संघ का अध्यक्ष बलराम साहू को मनोनीत किया गया है। साथ ही शिशुपाल साहू को किसान संघ तहसील छुरिया का मंत्री बनाया गया है। बलराम साहू के तहसील किसान संघ के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### आज कांग्रेसजनों द्वारा मुसरा स्थित बिजली ऑफिस का घेराव

डोंगरगढ़ (दावा)। आज 18 जुलाई को बिजली ऑफिस मुसरा में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अव्हान पर कांग्रेस जनों द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर बिजली दर की वृद्धि के विरोध में विद्युत कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने बताया कि,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार, तथा जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ ग्रामीण के द्वारा ब्लॉक स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन किया जाना है।

### सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में शिशु भारती का गठन

डोंगरगढ़(दावा)।गत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर आसरा में प्रधानाचार्य भगवान दास साहू के सानिध्य में शिशु भारती का गठन किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न दायित्वों को सौंपा गया है । इस अवसर पर संस्था प्रमुख श्री भगवान दास साहू, आचार्य विजय साहू, संतोष मिश्रा, पालन दास साथ ही जितेश्वरी दीदी जी, पुष्पदेवी दीदीजी, दुर्गा दीदीजी, यामिनी दीदीजी, भावना दीदी जी, तारणी दीदीजी आदि शिक्षक जिसमें सेनापति (शालानायक) कुशाल, उपसेनापति सोहम एवं चांदनी, अनुशासन प्रभारी भूमिका, स्वच्छता प्रभारी भावना एवं एनोस, जल प्रभारी हिमांशु एवं खोमेन्द्र, खोया पाया विभाग पावन दास एवं खिलेश्वरी, खेल प्रभारी हर्षा, चिकित्सा प्रभारी दीपिका, योग प्रभारी देवकी एवं विनिता, सांस्कृतिक प्रभारी डकेशा साथ ही प्रार्थना प्रभारी खिलेश्वरी, भावना एवं भूमिका आदि बच्चों को शपथ दिलाकर उनके दायित्वों से अवगत कराया गया ।

## शहर में शांतिभंग होने के अंदेशा पर 02 व्यक्ति के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही




डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है।

इसी अभियान के तहत दिनांक 17 जुलाई 2025 को थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वाले 02 व्यक्ति के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही किये गये अनावेदक में 'भारत खुंटी निवासी मोची पारा डोंगरगढ़' के आदतन अपराधिक प्रवृत्ति के है पूर्व में इसके विरूद्ध *01.* अप0क्र0- 251/2018 धारा- 394, 397 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट, *02.* अप0क्र0- 02/2021 धारा- 341, 294, 324, 34 भादवि0, *03.* अपराध क्र0- 626/2023 धारा- 392 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध एवं धारा- 170, 126, 135(3) बीएनएसएस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज होना पाया गया है। थाना डोंगरग? पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असमाजिक तत्वों, संदेहीयों पर नजर रख रही है, यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबंधित किये गये अनावेदको में भारत खुंटी पिता राजकुमार खुंटी उम्र- 21 साल एवं सुभाष चौरे पिता जोहन चौरे उम्र- 21 साल,दोनों निवासी मोची पारा डोंगरगढ़ शामिल हैं।

**एक आरोपी के खिलाफ मारपीट, लूट, आर्म्स एक्ट जैसे अनेक मामले दर्ज**

## शासकीय स्कूल टटेंगा में आईसीटी लैब के माध्यम से हुआ प्री-टेस्ट



हरदी (दावा)। राजनांदगांव उच्च कार्यालय से मिले निर्देशों के तहत हरदी (दावा) स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब का उपयोग करते हुए एक प्री-टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा विशेष रूप से कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान का आकलन करने के उद्देश्य से ली गई थी। परीक्षा में विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कंप्यूटर जैसे विषयों से संबंधित वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रश्न दिए गए थे। ये सभी प्रश्न उनकी पिछली कक्षाओं में पढ़े गए पाठ्यक्रम पर आधारित थे। विद्यार्थियों ने आईसीटी लैब में कंप्यूटर के माध्यम से इन प्रश्नों को ऑनलाइन हल किया, जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के. देवांगन और डिजी मित्र योगेश्वर निषाद ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके साथ व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक ने भी सहयोगी की भूमिका निभाई। जिससे यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी। यह पहल विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों से सीखने और मूल्यांकन की प्रक्रिया से परिचित कराने में सहायक होगी।

## भेड़ीकला पंचायत में केंद्रीय दल पहुंचे, शासन की विभिन्न योजनाओं कार्यो का किया निरीक्षण




राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भेड़ीकला जनपद पंचायत राजनांदगांव में 16 जुलाई को केंद्रीय दल एनएलएम की टीम द्वारा विजिट किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के विभिन्न योजनाओं का अवलोकन, निरीक्षण, भ्रमण किया गया। जिसमें केंद्रीय दल के साथ राजनांदगांव जनपद सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू, सरपंच श्रीमती बिसंतीन नेताम, भूतपूर्व सरपंच कृष्णा साहू, जिला पंचायत से एपीओ फैज मेनन, पीएमएवाय जिला समन्वयक प्रशांत साहू, जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू, जनपद स्टाफ, पंचगण रोजगार सहायक महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दो शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी विकासखंड डोंगरगांव में कार्यरत रहे विद्वान शिक्षक द्वय तीरथराम देवांगन प्रधानपाठक एवं डॉ.गजेंद्र कुमार हरिहारनो उच्च वर्ग शिक्षक को उनके 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात शासकीय सेवा से निवृत्तमान होने पर शाला प्रांगण खुज्जी में संकुल स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस विदाई सम्मान समारोह की अध्यक्षता आर.एल.पात्रे विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुयश नाहटा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, जी.एस.साहू प्रभारी प्राचार्य खुज्जी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, जे.आर.यादव, साकेत गंजीर, तोरंणलाल साहू, जगतराम सोनकर पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति, देवानंद साहू पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति, विशाखा घरेन्द्र अध्यक्ष शाला विकास समिति की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान शाला के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

डी.मानकर प्रभारी प्रधानपाठक एवं भूमिका साहू शिक्षिका के द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान पत्र का वाचन किया गया। संकुल तथा शाला परिवार की ओर से दोनों शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह व अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों के द्वारा श्री देवांगन व श्री हरिहारनो के स्वस्थ, सुदीर्घ मंगलमय जीवन की कामना करते हुए अपने उद्गार व्यक्त किये गये। शिक्षक एनेन्द्र शर्मा के द्वारा भाव-गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक मोहनलाल साहू ने किया। आभार ज्ञापन विजय जैन ने किया।

इस अवसर पर विजय जैन संकुल समन्वयक, चंद्रप्रकाश साहू संकुल समन्वयक, सरस्वती तीरथ देवांगन, गीता गजेंद्र हरिहारनो, हरेंद्र कुमार साहू, नंदा रामटेके, करुणा देवांगन, केशिनी साहू, गोस्वामी भारती, पी.साहू, श्रीमती के. हिरवानी, महेश कुमार सोनकर, हरेंद्र कुमार साहू, महेंद्र साबला, महेश ठाकुर, डी.एस.कोल, सी.पी.साहू, उपेंद्र देवांगन, खोरबाहरा राम निषाद, के.के.देवांगन, जवाहरलाल मेश्राम, कीर्तन ठाकुर, दुर्गेश्वरी ठाकुर, मंजू खोब्रागड़े, इंदु देवांगन, गैंदलाल चतुर्वेदी, अनिल शर्मा, पंकज साहू, सागर सलामे, कमलाबाई, पूजा जय शर्मा, रमशीला ठाकुर, हेमीन बाई, कुमारी बाई सहित खुज्जी संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## उपजेल खैरागढ़ का कलेक्टर और एसपी ने किया औचक निरीक्षण, बंदियों की सुनीं समस्याएं



खैरागढ़ (दावा)। सलोनी स्थित जिला उपजेल का कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा द्वारा गुरूवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी बैरकों, पाकशाला (किचन), अस्पताल कक्ष, बंदी मुलाकात कक्ष और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, विचाराधीन एवं सजायाफ्ता मामलों की स्थिति तथा अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही जेल प्रशासन को बंदियों की गतिविधियों पर नियमित रूप से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जेल परिसर की स्वच्छता, भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर चंद्रवाल ने जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, कि बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

## भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल पहुंचे मंडल भाजपा गैंदाटोला




छुरिया (दावा)। गैंदाटोला भाजपा मंडल की परिचयात्मक बैठक लेने मंडल के शक्ति केंद्र कल्लूबंजारी गांव के साहू सामुदायिक भवन में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत परिचयात्मक बैठक में संगठनात्मक कसावट हेतु मार्गदर्शन दिया। अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है, यह समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। इसके लिए संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा शून्यता के शिकार है, सिर्फ भाजपा ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एकात्म मानववाद सुशासन विकास एवं सुरक्षा सर्वधर्म समभाव पंचनिष्ठा मूल्य पर आधारित है।

भाजपा भारत में प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में स्थापित कर चुकी है, देश में सुशासन विकास एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सबका साथ सबका विकास उद्घोषणा के साथ गौरव संपन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रहा है। जिला अध्यक्ष ने जिला और प्रदेश भाजपा के सभी निर्देशों को ईमानदारी से गैंदाटोला मंडल में संगठन के कार्यों को वृहद रूप से क्रियान्वयन करने के लिए मंडल अध्यक्ष और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। परिचयात्मक बैठक को जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, आत्माराम चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति बीरम मंडावी, रोमी भाटिया, मदन साहू, घासी साहू, आलोक मिश्रा, महामंत्री रामकुमार मंडावी, सुकृत साहू, विष्णु साहू, खेमचंद साहू, रेखलाल सोनकर, राजेश शुक्ला, बालकिशन साहू, जनपद सदस्य बालमुकुंद मंडावी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, गैंदाटोला मंडल के सभी पदाधिकारी अंजनी शर्मा, कुमारसाय साहू, दिलीप साहू, राजाराम साहू, एस कुमार सिन्हा, चित्रांगन साहू, गजेन्द्र साहू, मंजू साहू, रीना कुलदीप, कीर्ति गंगासागर, प्रदीप वर्मा, लोकेंद्र ठाकुर, राहुल निषाद एवं भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डोमेन पटेल और मंडल कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी द्वारा किया गया।

## फसल बीमा एवं पोर्टल में सुधार को लेकर कृषि मंत्री से मिले भाजपा नेता



छुरिया (दावा)। क्षेत्र के किसानों को फसल बीमा की राशि एवं पोर्टल में सुधार कार्य करने के लिए छुरिया क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने किसानों के साथ कृषि मंत्री से मिलकर किसानों की समस्या से अवगत कराया है। कृषि मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पोर्टल में सुधार कार्य कराया जायेगा जिससे किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा।

ज्ञात हो कि विकासखण्ड छुरिया के ग्राम पंचायत लालूटोला के किसान विगत पांच वर्षो से फसल बीमा कराते आ रहे हैं। जिनका बीमा नियमानुसार प्रतिवर्ष सहकारी समिति लालूटोला में पंजीयन क्रमांक 1106 के माध्यम से किया जा रहा है। यहां के किसानों के फसल क्षतिग्रस्त तथा अनावारी रिपोर्ट बहुत कम होने के बाद भी फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग के सहकारी समिति के माध्यम से कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराने के बाद भी पोर्टल में सुधार नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र के किसान जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एम.डी. ठाकुर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष से मिले। जिसके बाद वे ग्राम पंचायत लालूटोला के किसानों के साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया । जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने बताया कि छुरिया तहसील में ग्राम लालूटोला एवं कुमर्दा तहसील में भी ग्राम उमरवाही लालूटोला होने के चलते पोर्टल कार्य में सुधार नहीं हो पा रहा है। इसी वजह से लालूटोला के किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर कृषि मंत्री नेताम ने उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पोर्टल में सुधार कार्य कराया जायेगा जिससे किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, पूर्व सरपंच जगेश्वर सॉग, ग्राम पटेल संतोष राम कंवर मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में खाद की कोई कमी नहीं

मोहला (दावा)। राज्य में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। खरीफ सीजन 2025 के लिए सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरक सहकारी समितियों एवं निजी विक्रय केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वैश्विक परिस्थिति के चलते डीएपी खाद के आयात में कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरकों की भरपूर आपूर्ति एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

राज्य में डीएपी की आपूर्ति में कमी से किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा इसके विकल्प के रूप में 1 लाख 79 हजार बॉटल नैनो डीएपी, एनपीके उर्वरक का लक्ष्य से 25 हजार मेट्रिक टन अधिक तथा एसएसपी का निर्धारित लक्ष्य से 50 हजार मेट्रिक टन का अतिरिक्त भंडारण किया गया है। पोटाश के निर्धारित लक्ष्य 60 हजार मेट्रिक टन के विरुद्ध अब तक 77 हजार मेट्रिक टन से अधिक म्यूरेट ऑफ पोटाश का भंडारण किया गया है। नैनो डीएपी जो कि ठोस डीएपी के विकल्प के रूप में बीज/थरहा, जड़ उपचार एवं बोआई/रोपाई के पश्चात खड़ी फसल में छिड़काव के लिए उपयोगी है।

नैनो डीएपी की निरंतर आपूर्ति राज्य में सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई है। चालू खरीफ सीजन के लिए डीएपी उर्वरक के निर्धारित 3.10 लाख मेट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 1 लाख 63 मेट्रिक टन से अधिक का भंडारण हो चुका है। डीएपी की आपूर्ति निरंतर जारी है। अभी जुलाई माह में 48 हजार मेट्रिक टन डीएपी उर्वरक की आपूर्ति राज्य को होगी। राज्य के सहकारी क्षेत्र में उर्वरकों का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है। राज्य के सहकारी क्षेत्र में डीएपी उर्वरक की उपलब्धता राज्य की कुल उपलब्धता का 62 प्रतिशत है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 13.18 लाख मेट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है, जो गत वर्ष इसी अवधि में भंडारित 12.79 लाख मेट्रिक टन से लगभग 38 हजार मेट्रिक टन अधिक है। इस वर्ष एनपीके और एसएसपी का लक्षित मात्रा से क्रमशः 25 हजार 266 मेट्रिक टन एवं 71 हजार 363 मेट्रिक टन अधिक भंडारण किया गया है, जो डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग किया जा रहा है। राज्य में यूरिया 6 लाख मेट्रिक टन से अधिक का भंडारण हुआ है। जुलाई एवं आगामी माह में यूरिया के शेष मात्रा की आपूर्ति होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि धान में यूरिया का उपयोग तीन बार किया जाता है। प्रथम बार बोआई/रोपाई के समय में, दूसरी बार कंसा निकलने के समय में बोआई/रोपाई से तीन चार सप्ताह बाद एवं तीसरी बार गभोट अवस्था में बोआई/रोपाई के 7 से 8 सप्ताह बाद, इस प्रकार यूरिया का सितम्बर माह के मध्य तक उपयोग किया जाता है। डीएपी उर्वरक का 1.63 लाख मेट्रिक टन भंडारण हुआ है। जुलाई माह के सप्लाई प्लान के अनुसार राज्य को 48 हजार 850 मेट्रिक टन डीएपी और मिलेगी। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई माह में 25 हजार टन एनपीके की आपूर्ति संभावित है। एनपीके की अतिरिक्त आपूर्ति को मिलाकर कुल अतिरिक्त एनपीके 50 हजार 266 मेट्रिक टन से 22 हजार मेट्रिक टन डीएपी प्रतिपूर्ति होगी। इसी तरह एसएसपी की कुल अतिरिक्त आपूर्ति 1.47 लाख मेट्रिक टन से 50 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति होगी। इस प्रकार राज्य में एनपीके और एसएसपी के अतिरिक्त आपूर्ति से 72 हजार मेट्रिक टन डीएपी की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके विकल्प के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे-नैनो डीएपी, एनपीके और एसएसपी की भरपूर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के सुझाव के अनुरूप किसान डीएपी के बदले उक्त उर्वरकों का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। सोसायटियों से किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है।

## मकरनपुर से पेंड्री पहुँच मार्ग जर्जर सड़क को मरम्मत करवाने जिला पंचायत सीईओ और जिला पंचायत अध्यक्ष से तत्काल मरम्मत की मांग



राजनांदगाव (दावा)। समीप ग्राम पंचायत खपरीकला के आश्रित ग्राम मकरनपुर से पेंड्री पहुँच मार्ग बहुत ही जर्जर हो गया है, जिसके कारण रास्ते से गुजरने वाले सभी लोगों को तकलीफों का सामना करना पड़ता था।

इस मार्ग से स्कूली बच्चे प्रतिदिन माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेण्डरी पढ़ने जाते है परन्तु उक्त मार्ग जर्जर होने के कारण जब-जब बारिश होती है तब तब बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है, इस समस्या को लेकर आज क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा और जनपद उपाध्यक्ष अनीता डीगेन्द्र सिन्हा जी ने ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सीईओ से मिले और समस्या से अवगत कराये। जिला पंचायत सीईओ ने तुरंत संबंधित विभाग से बात कर जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तिलई मण्डल किसान मोर्चा अध्यक्ष टाकेश सिन्हा, डिगेन्द्र सिन्हा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, यशवंत वर्मा महामंत्री तिलई मण्डल, हरिचंद सिन्हा अध्यक्ष सेवा सह.समिति, भूषण जांगड़े, बिसन साहू, सोनसाय साहू, अशोक सिन्हा, फागु सिन्हा, यूराज अग्रवाल, देवीलाल, मनीष, मोनू अग्रवाल उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में विकसित की गई पोषण वाटिका



० किचन गार्डन की तर्ज पर विकसित की गई पोषण वाटिका
० पोषण वाटिका से प्राप्त साग-सब्जी से बच्चे बन रहे सेहतमंद

राजनांदगांव (दावा)। बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका का निर्माण किया गया है। जिससे बच्चों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक साग-सब्जी एवं फल मिल रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भोथीपार खुर्द के आंगनबाड़ी केन्द्र में खुबसूरत पोषण वाटिका किचन गार्डन की तर्ज पर विकसित की गई है।

जहां खट्टा भाजी, भिण्डी, केला, भाटा, कांदा भाजी, जरी, अरबी, चेच भाजी, लेमन ग्रास, अमरूद, शहतूत, सीताफल, नारियल लगाए गए हैं। वहीं फलदार पौधों के साथ जिनिया, हरसिंगार, गुड़हल, गुलाब, मोंगरा जैसे मोहक फूल भी लगाए गए हैं।

ग्राम भोथीपार खुर्द के किचन गार्डन में अधिक से अधिक हरी पत्तेदार और आयरन से भरपूर सब्जी उत्पादन किया जा रहा है। ग्रामवासियों को बच्चों को हरी साग-सब्जी एवं पौष्टिक आहार के लाभ के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी में उत्पादित साग-सब्जियों का उपयोग बच्चों का भोजन बनाने के लिए किया जा रहा है। विटामिन प्रोटीन, आयरन, खनिज एवं पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद है। आंगनबाड़ी केन्द्र सिंघोला की पोषण वाटिका में पपीता, केला, कटहल, अमरूद, भाजी में मुनगा, कांदा भाजी लगाया गया था। बच्चों को दाल, चावल के साथ केले की सब्जी परोसी गई थी। नाश्ते में पोहा एवं रेडी टू ईट दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेवती साहू ने बताया कि बच्चे प्रतिदिन आते हैं और सक्रिय रहते है।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 62वें निःशुल्क शल्य शिविर 23 अगस्त को बिलासपुर में

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद द्वारा आगामी 23 अगस्त को 62वें विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्व.श्रीमती मांगीबाई स्व. उदयलाल अग्रवाल की पावन स्मृति में डॉक्टर राधेश्याम गायत्री देवी अग्रवाल (नालोटिया) परिवार के प्रायोजक्त में जिला प्रशासन बिलासपुर, समाज कल्याण विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर, जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से 23 अगस्त 2025 शनिवार को प्रातः 9:00 बजे से जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में पोलियाग्रस्त टेढ़े-मेढ़े पैर एवं अन्य प्रकार के पैरों के विकृति को शल्य क्रिया के माध्यम से ठीक किया जाएगा।




ऐसे दिव्यांगजन जो घसीट कर चलते हैं अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते जिनकी उम्र 2 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है इस शिविर का लाभ ले सकते हैं। उपरोक्त शिविर से संबंधित पवन लोहिया राजनांदगांव मोबाइल नंबर 94252 40470 से संपर्क कर शिविर से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं अपना अग्रिम पंजीयन भी कराया जा सकता है।

इस शिविर में आमंत्रित शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. के. एस. वाजपेई बलोदाबाजार, डॉ. जी.एल.अरोड़ा लखनऊ, डॉ. डी.एन.देवांगन रायपुर, डॉ. हरिकृष्ण अग्रवाल अकलतरा, डॉ. विनोद पांडे धमतरी, डॉ. भूपेंद्र सिंह दीक्षित बिलासपुर, डॉ. संतोष साहू रायपुर, डॉ. अजय पांडे बिलासपुर, डॉ. रोहित बाजपेई बलोदा बाजार एवं जिला चिकित्सालय बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

उपरोक्त शिविर को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय चेतना परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा देश के विभिन्न राज्यों में संस्था की इकाइयां भी व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार में डटी हुई है, साथ ही प्रमुख रूप से गोविंदराम मेरी राष्ट्रीय मंत्री, डॉ. विनय कुमार पाठक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती सुधा मर्दा राष्ट्रीय मंत्री, राजेंद्र अग्रवाल 'राजू' राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, नित्यानंद अग्रवाल राष्ट्रीय मंत्री, श्रीमती विद्या केडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बीएल गोयल राष्ट्रीय मंत्री, पवन नालोटिया कार्यक्रम प्रभारी, राजेश पांडे, सत्येंद्र अग्रवाल, अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ जुटे हुए हैं एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के इस विकलांग शल्य शिविर के लिए राजनांदगांव जिले में परिषद की शाखा के पवन लोहिया, संतोष अग्रवाल आदि भी साथ दे रहे हैं, राजनांदगांव जिले के विकलांग अपना पंजीयन कराकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

# एनआरएलएम की गतिविधियों पर आधारित बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**सीईओ ने बैंकों को शासकीय योजना के क्रियान्वयन के लिए सक्रियतापूर्वक समन्वय एवं सहयोग करने लिए किया निर्देशित**



प्रशंसनीय कार्य के लिए बैंकर्स और एफएलसीआरपी को किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वसहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज, इंटरप्राईज फाइनेंस, एनआरएलएम कांसेप्ट, ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन एवं आरबीआई मास्टर सर्कुलर पर समझ बनाने के लिए बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने एनआरएलएम योजना के तहत शासन की मंशानुरूप अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों एवं सदस्यों को ऋण से लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी बैंकों को शासकीय योजना के क्रियान्वयन में सक्रियतापूर्वक समन्वय एवं सहयोग करने लिए निर्देशित किया।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में नेशनल रिसोर्स पर्सन सुधाकर सतपति द्वारा समस्त प्रतिभागियों को एनआरएलएम कांसेप्ट पर उन्मुखीकरण तथा स्व-सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज, ऑनलाइन पोर्टल की प्रक्रिया, डिजिटल फाइनेंस, इंटरप्राईज फाइनेंस, वित्तीय साक्षरता एवं बीमा योजनाओं से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनआरएलएम अंतर्गत प्रशंसनीय कार्य के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, अग्रणी बैंक प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा मुसराकला, कुमर्दा, टेड़ेसरा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सुकुलदैहान, पंजाब नेशनल बैंक शाखा तिलई को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मैदानी स्तर पर एनआरएलएम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशंसनीय कार्य हेतु सामुदायिक संवर्ग में बैंक मित्र श्रीमती लोमेश्वरी वर्मा, बैंक मित्र श्रीमती पुष्पलता गजभिये, बैंक मित्र श्रीमती ललिता देवांगन, बैंक मित्र श्रीमती संजना निर्मलकर, बैंक मित्र श्रीमती कीर्ति यादव, एफएलसीआरपी श्रीमती हेमलता साहू, एफएलसीआरपी श्रीमती शोभा वैष्णव, एफएलसीआरपी श्रीमती सुनीता बंजारे एवं एफएलसीआरपी श्रीमती संगीता ठाकुर को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंक शाखा प्रबंधक, जिला समन्वयक बैंक, विकासखंडों में एनआरएलएम के तहत कार्यरत बीपीएम, एफएलसीआरपी, बैंक मित्र तथा जिला स्तरीय अधिकारियों सहित कुल 120 प्रतिभागी उपस्थिति रहे।

# स्कूलों में एनजीओ का दखल कतई बर्दाश्त नहीं, विनोबा एप्प का शिक्षक संगठन ने किया विरोध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, तुलसीराम पटेल, वीरेंद्र साहू, प्रदेश सचिव राजेन्द्र लाडेकर, प्रदेश महासचिव भोजराम साहू, गायत्री मंडलोई, महेश्वर कोटपरिहा, प्रदेश संयुक्त सचिव हरिशंकर पटेल, कमलेश कुमार भारती, प्रदेश प्रवक्ता, नरेन्द्र तिवारी, केशव पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित कुमार पटेल, अमर दास बंजारे, रामसेवक पैकरा, राजेन्द्र कुमार साहू, जगदीश साहू, दिनेश कुमार लहरे, देवेंद्र वर्मा, प्रमोद कुंभकार, दिनेश निर्मलकर, संतोष जैन, नूरजहां खान, रूपेन्द्र कुमार साहू, कोमल सिंह गुरू, तिलक खांडे, कुलदीप सिन्हा, कौशल्या कोले, शशिमा कुर्रे, विनोद सिंह राजपूत, मनीषा मिंज, कजला महिलांगे, कुलेश्वरी साहू, कैलाशचंद्र ठाकुर आदि ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक एनजीओ द्वारा विनोबा एप्प नाम से एप्प शिक्षकों के मोबाइल में डाउनलोड करवाया जा रहा है।




हर कार्य में मोबाइल के प्रयोग से शिक्षक हो रहे हालाकान, पढ़ाई हो रही प्रभावित

इसके लिए सभी शिक्षकों पर जबरदस्ती दबाव डाला जा रहा है। विनोबा एप्प के नाम से शिक्षकों को रोज व्हाट्सएप के माध्यम से संदेश भेज कर मानसिक रूप से परेशान व प्रताड़ित किया जा रहा है। उक्त एप्प को डाउनलोड करने, इसी के माध्यम से अटेंडेंस भरने एवं शैक्षणिक गतिविधियों को इसमें अपलोड करने के लिए संकुल समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्य, बीईओ, डीईओ एवं कलेक्टर के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा है। प्रदेश शिक्षक संगठन ने विनोबा का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि इस प्रकार का एनजीओ का स्कूल में दखलअंदाजी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों एवं स्कूलों को एनजीओ से मुक्त रखा जाना चाहिए, जिससे शिक्षक स्वतंत्र होकर स्कूलों में बेरोकटोक स्वतंत्रता पूर्वक अध्ययन अध्यापन का कार्य करा सकें। शिक्षक संगठन ने कहा है कि एनजीओ के माध्यम से शासन-प्रशासन द्वारा आए दिन मोबाइल से संबंधित कार्य दिए जा रहे हैं, जिससे कि शिक्षक पढ़ाई-लिखाई छोड़ विनोबा एप्प में अपनी अटेंडेंस भरना, पढ़ाई-लिखाई की जानकारी अपलोड करना आदि इससे पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मोबाइल में रोज-रोज सारे डाक मंगाए जा रहे हैं। मोबाइल में ही प्रशिक्षण लिया जा रहा है। मोबाइल में ही बहुत सारा कार्य दिया जा रहा है। जिसके कारण शिक्षक मानसिक रूप से परेशान व प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। शिक्षक संगठन ने कहा है कि विनोबा एप्प सहित विभिन्न एनजीओ या मोबाइल संबंधी कार्य को शासन-प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से बंद नहीं किया गया तो संगठन इसका अपने स्तर पर विरोध एवं बहिष्कार करेगा।

# एबीवीपी ने उड़ीसा फकीर मोहन कॉलेज के विभागाध्यक्ष समीर साहू का फूंका पुतला

राजनांदगांव (दावा)। उड़ीसा में बालेश्वर के फकीर मोहन महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष समीर साहू द्वारा कॉलेज के छात्रा सौम्याश्री को लगातार यौन उत्पीड़न व प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके कारण मानसिक रुप से आहत होकर सौम्याश्री ने आत्मदाह कर लिया। जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फकीर मोहन कॉलेज के विभागाध्यक्ष समीर साहू का पुतला दहन किया।



अभाविप जिला संयोजक जीत प्रजापति ने बताया कि उड़ीसा में बालेश्वर फकीर मोहन कॉलेज की छात्रा सौम्याश्री की आत्महत्या की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। यह घटना सिर्फ एक छात्रा की आत्महत्या नहीं बल्कि महाविद्यालय व उड़ीसा के प्रशासनिक असंवेदनशीलता और व्यवस्था की असफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसने एक बेटी को न्याय दिलाने के बजाय उसे मौत की ओर धकेला है और साथ ही साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव ने केंद्र सरकार से मांग किया की देश के प्रत्येक कॉलेज में आईसीसी (इंटरनल कम्पलेन कमिटि) यानी आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाए।

अभाविप सविष्कार प्रांत सह संयोजक सुश्री चांदना श्रीवास्तव ने कहा जब कॉलेज के छात्रा सौम्याश्री द्वारा विभागाध्यक्ष समीर साहू के खिलाफ यौन शोषण की गंभीर शिकायत किया गया, तब प्रशासन के द्वारा इस पर कोई कठोर कार्यवाही नहीं किया गया गया। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर मानसिक रूप से आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**छत्तीसगढ़ विधानसभा: कांग्रेस के 30 विधायक.....**

की कमी है और वैश्विक कारणों से पूरे देश में भी यही स्थिति बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए नैनो डीएपी उर्वरक को बढ़ावा दिया जा रहा है। नेताम ने कहा कि कुल डीएपी स्टॉक का 64 प्रतिशत सहकारी क्षेत्र को और शेष 36 प्रतिशत निजी क्षेत्र को दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस सदस्यों ने दावा किया कि उर्वरक निजी क्षेत्र में उपलब्ध है और सहकारी समितियों में कमी का फायदा उठाकर दुकानदार इसकी कालाबाजारी कर रहे हैं और इसे ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पाँच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, कांग्रेस सदस्यों ने फिर से यह मुद्दा उठाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए, वे सदन के वेल में आ गए और स्वतः ही निलंबित हो गए। स्पीकर रमन सिंह ने विपक्ष के नेता चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित 30 कांग्रेस विधायकों को निलंबित करने की घोषणा की और उन्हें सदन से बाहर जाने को कहा। हालांकि, कांग्रेस सदस्य वेल में ही रहे और नारेबाजी करते रहे। बता दें कि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के कुल 35 विधायक हैं। बाद में रमन ने सदन की कार्यवाही फिर से स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर, अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सदन से बाहर जाने के उनके बार-बार अनुरोध के बाद भी निलंबित विपक्षी विधायकों ने नियमों का उल्लंघन किया और वेल में ही रहे। उन्हें इस कृत्य से बहुत दुख हुआ है और उन्होंने उन्हें दिनभर के लिए सदन से निलंबित कर दिया।

**ओपी ने दी बड़ी जानकारी: बोले.....**

किया गया है। जिससे मंडल को 139.47 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। यह उपलब्धि योजना की लोकप्रियता को दर्शाती है और गृह निर्माण मंडल के लिए मील का पत्थर है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने यह भी बताया कि, गृह निर्माण मंडल पर पूर्व में बैंकों का लगभग 800 करोड़ रुपये का ऋण बकाया था। राज्य सरकार ने इस ऋण को अपने बजट प्रावधानों से पूरी तरह चुका दिया है, जिससे मंडल आज पूर्णतः ऋण मुक्त हो चुका है। यह मंडल की एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने इसे भविष्य की योजनाओं के लिए और अधिक सशक्त बना दिया है। आवास मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि अब से गृह निर्माण मंडल द्वारा कोई भी नई आवासीय योजना तब तक प्रारंभ नहीं की जाएगी, जब तक उसकी प्री-बुकिंग कम से कम 60 प्रतिशत तक न हो जाए। यह रणनीतिक कदम योजनाओं की सफलता सुनिश्चित करने और अनावश्यक निर्माण कार्य से बचने हेतु उठाया गया है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब गृह निर्माण मंडल पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ते हुए कॉरपोरेट मॉडल को अपनाकर काम कर रहा है, जिसके अंतर्गत न केवल किफायती आवासीय इकाइयाँ बल्कि विभिन्न श्रेणियों के मकान और व्यावसायिक परिसंपत्तियाँ भी विकसित की जा रही हैं। यह नवाचार शहरी विकास और आत्मनिर्भर आवास नीति के अनुरूप है। मंत्री श्री चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि गृह निर्माण मंडल का मूल उद्देश्य प्रदेशवासियों को सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है। मंडल द्वारा संचालित योजनाएं विशेष रूप से आमजन, निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही हैं। ताकि, हर नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

**यौन उत्पीड़न केस: ओडिशा में छात्रा....**

शिकायत में कहा था कि समीर कुमार उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। छात्रा ने आरोप लगाया था कि H O D ने गार्डन के पास उससे शारीरिक संबंध बनाने की मांग की थी। शिकायत के बाद भी समीर कुमार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्रा ने प्रिंसिपल से मुलाकात के बाद शनिवार (12 जुलाई) को H O D के सेक्शुअल हैरेसमेंट से परेशान होकर कॉलेज कैंपस में खुद पर केरोसीन छिड़ककर आग लगा ली। उसे AIIMS ले जाया गया जहां 14 जुलाई को 20 साल की स्टूडेंट ने दम तोड़ दिया। छात्रा की मौत के बाद विपक्ष सड़क पर उतर आया। कांग्रेस सहित बीजू जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी CPI, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के नेता-कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। भुवनेश्वर, भद्रक, बालासोर सहित कई जगहों पर प्रदर्शन हो रहा है। बसों का चक्काजाम कर दिया है। यात्रियों को पैदल ही जाना पड़ा।

**पेट्रोल-डीजल जल्द होगा सस्ता....**

लेकिन रूस लगभग तीन सालों से मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। फरवरी, 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिम के अधिकांश देशों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली। रूस ने वैकल्पिक खरीदारों को आकर्षित करने के लिए भारी छूट की पेशकश शुरू कर दी। भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों ने इस अवसर का फायदा उठाया और रूस भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल का आपूर्तिकर्ता बन गया। अब भारत के तेल आयात में रूस का हिस्सा 40 प्रतिशत तक है। एएस साहनी, इंडियन आयल कारपोरेशन ने कहा पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। कई नए तेल विक्रेता आ गए हैं। गुयाना, अर्जेंटीना, ब्राजील जैसे गैर-पारंपरिक देशों से भारत ज्यादा तेल की खरीद कर रहा है। दूसरे पश्चिमी क्षेत्रों से भी तेल की आपूर्ति बढ़ रही है। हम पहले जिन 27 देशों से तेल खरीदते थे, अब उनकी संख्या लगभग 40 देशों तक पहुंच गई है।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा....**

दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमिताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। राबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसंबर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसायी सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में वाड्रा और उनकी पत्नी प्रियंका गांधी का नाम आरोपी के तौर पर नहीं है, लेकिन उनकी भूमि खरीद-बिक्री का विवरण शामिल है।

**महाराष्ट्र विधान भवन में एनसीपी (शरद).....**

जान से मारने की धमकी दी गई। मेरे लिए कई अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। क्या विधानसभा में यही होना अपेक्षित था? मैं अभी भाषण देकर बाहर आया हूं और ये लोग मुझसे भिड़ने आ गए। अगर विधानसभा में विधायक सुरक्षित नहीं हैं, तो हम विधायक क्यों रहें? यह घटना बुधवार को दोनों नेताओं के बीच हुए एक बहस के अगले दिन हुई। उस दिन आव्हाड ने आरोप लगाया था कि पडलकर ने जानबूझकर कार का दरवाजा तेजी से बंद किया जिससे उन्हें चोट लगी। इस झगड़े को दोनों नेताओं की पुरानी राजनीतिक खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है। पडलकर पहले भी शरद पवार और सुप्रिया सुले पर टिप्पणी कर चुके हैं जिससे विवाद हुआ था। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ऐसी घटनाएं विधानसभा की गरिमा के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति के अधिकार क्षेत्र में आता है और इस पर जांच जरूरी है।

**भारत का दोहरा शक्ति प्रदर्शन, पृथ्वी-2 और....**

गिरा सकता है। पृथ्वी मिसाइल 2003 से सेना में है, जो नौ मीटर लंबी है। पृथ्वी डीआरडीओ द्वारा निर्मित पहली मिसाइल है। 24 घंटे में यह दूसरा महत्वपूर्ण सफल परीक्षण है। इससे पहले बुधवार को भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को बेहतर करने के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। बुधवार को भारतीय सेना ने लद्दाख सेक्टर में करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया था। यह एयर डिफेंस सिस्टम भारत ने स्वदेशी रूप से विकसित किया है। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। डीआरडीओ ने ही यह एयर डिफेंस सिस्टम विकसित किया है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम का परीक्षण करते समय सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने तेज गति से उड़ रहे दो लक्ष्यों पर सटीक वार किए। यह परीक्षण अत्यधिक ऊंचाई और विरल वायुमंडल वाले क्षेत्र में किया गया, जहां सामान्य संचालन भी कठिन होता है।

**ट्रंप प्रशासन की मनमानी पर भारत ने....**

भारत के साथ त्रिपक्षीय वार्ता फिर शुरू करने पर गंभीर है। इन तीनों देशों ने पिछली सदी के आखिरी दशक में सोवियत संघ के विघटन के बाद आपसी सहयोग बढ़ाकर दुनिया को बहुध्रुवीय बनाने के बारे में सोचा था। इस व्यवस्था के तहत तीनों देशों के विदेश मंत्रियों की अंतिम बैठक वर्ष 2021 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई थी। लेकिन चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों की वजह से हाल के वर्षों में भारत इसको तवज्जो नहीं दे रहा था। आरआइसी को फिर से आगे बढ़ाने का नया संकेत भारत ने नाटो प्रमुख की तरफ से एक दिन पहले ब्रिक्स के अन्य देशों के साथ भारत को चेतावनी देने के बाद दिया है। नाटो प्रमुख ने कहा था कि ब्रिक्स देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता के लिए तैयार करना चाहिए। ऐसा नहीं होता है तो दिल्ली, बीजिंग और ब्राजील को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ का परचम.....**

रायपुर को छत्तीसगढ़ का प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। सुपर स्वच्छता लीग में छत्तीसगढ़ के तीन शहरों यानि अंबिकापुर, पाटन और विश्रामपुर ने जगह बनाई। 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा नगर पंचायत देश का सबसे स्वच्छ शहर। तीन लाख से दस लाख की जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर बना। दुर्ग जिले का कुम्हारी 20-50 हजार की आबादी वाले शहरों में देश का तीसरा सबसे साफ शहर। कोंडागांव ने स्वच्छता में मारी बाजी, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देशभर में 75वां स्थान। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोंडागांव ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 20,000 से 50,000 जनसंख्या की श्रेणी में नगर ने देशभर में 75वां स्थान प्राप्त किया।

# दिग्विजय महाविद्यालय के विकास एवं छात्र सुविधा पर होगा विशेष ध्यान - अतुल रायजादा



**जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक में लिए गए अनेक निर्णय**

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक 16 जुलाई 2025 को समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अध्यक्ष अतुल रायजादा तथा उपाध्यक्ष खेमलाल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी तथा महाविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा जनभागीदारी सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा जनभागीदारी मद के आय व्यय तथा महाविद्यालय की मुलभूत जानकारी के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी गई। उन्होने समिति के समक्ष कार्यालय के सामने अधूरे निर्माण कार्य पूर्णता हेतु, हॉस्टल, छात्रवृत्ति शाखा के सामने पेबर टाईल्स, रसायन शास्त्र विभाग में केमिकल वेस्ट हेतु सोख पीट निर्माण, टंकी सफाई, बालक छात्रावास हेतु फर्निचर आदि के संबंध में प्रस्ताव रखा।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा ने महाविद्यालय में कक्षों की कमी को देखते हुए कक्ष निर्माण की आवश्यकता, बालक छात्रावास प्रारंभ करने हेतु प्रयास, दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुविधाओं, विद्यार्थियों तक समस्त जानकारियों की पहुंच आदि विषयों पर अपनी बात रखी। सभी प्रस्तावों पर चर्चा की गयी एवं महाविद्यालय के विकास एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों को उपरोक्त प्रस्ताव का समर्थन किया। अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा ने बैठक में कहा कि महाविद्यालय का विकास हम सभी का दायित्व है और हमारे सभी सम्मानीय सदस्य किसी न किसी क्षेत्र से जुड़े हुए है अतः हम सभी का सामूहिक प्रयास ही महाविद्यालय को उच्च शिखर की ओर ले जा सकता है।

बैठक में जनभागीदारी समिति के उपाध्यक्ष खेमलाल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी सदस्य आर. एस. नायक, सुनील अग्रवाल, सुरेन्द्रपाल सिंग भाटिया, श्रीमती अनिता जैन, राजकुमार बाफना, मनीष शर्मा, नरेश पटेल, प्रशांत गुप्ता, सुमित भाटिया, नंदकिशोर भूतड़ा, चंदन रूचंदानी, आकाश गुप्ता, आशीष डोंगरे, रमेश चन्द्राकर, सौरभ साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, शरद सिन्हा, सुमित अजमानी, प्रतीक अग्रवाल, आशीष जैन, आदित्य पराते, संतोष साहू, अंकित श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, चिन्टू सोनकर, समीर श्रीवास्तव, विजय शर्मा, श्रीमती शालू वर्मा, आशुतोष सिंह, मुकेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, अंकित सिंह चौहान, अमितेश झा, कमलेश प्रजापति, संदीप भट्टाचार्य, साहिल गोलछा, ईशान शर्मा, श्रीमती आभा श्रीवास्तव, श्रीमती शांता कोटडिया, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. अमिता बख्शी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह तथा महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, श्रीमती मंजूषा बाजपेयी, श्रीमती बसंती देशलहरे, उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ. शैलेन्द्र सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक डॉ. अमिता बख्शी ने दिया।

## पीएमएफएमई के तहत जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हालर मिल, फ्लोर मिल, जैम, जैली, मुर्रा, बड़ी, पापड़, आचार, बेकरी आईटम, डेयरी, मसाला, आटा चक्की, मिक्सर, चिप्स, टोमैटो सॉस, रेडी टू ईट एवं अन्य खाद्य उत्पाद स्थापित करने के लिए इच्छुक उद्यमियों से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव में आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए जनपद स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर स्थल पर ही प्रकरण तैयार किए जाएंगे। जिसके तहत नगर पंचायत डोंगरगांव के सभाकक्ष में 18 जुलाई को, जनपद कार्यालय छुरिया के सभाकक्ष में 23 जुलाई को तथा जनपद कार्यालय डोंगरगढ़ के सभाकक्ष में 25 जुलाई को जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एएनएम एवं एचडब्ल्यू कर्मचारी संघ और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हितों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अमित कुमार मिश्रा और केसीजी जिला अध्यक्ष मोहन दास द्वारा सौंपा गया, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को विस्तार से रखा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते 20 वर्षो से एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी समर्पण भाव से सेवाएं दे रहे हैं परंतु आज तक उन्हें स्थायीत्व, सामाजिक सुरक्षा और समकक्ष वेतन का लाभ नहीं मिल पाया है। इसके चलते कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में प्रमुख मांगें स्थायीत्व एवं स्थायीकृत वेतनमान अन्य राज्यों की तर्ज पर संविदा कर्मचारियों का स्थायीत्व सुनिश्चित किया जाए और शिक्षा विभाग की तरह नियमितीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाये। पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना एनएचएम कर्मचारियों को स्थायी रूप से पब्लिक हेल्थ कैडर में शामिल कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और भविष्य निधि का लाभ दिया जाये। ग्रेड पे निर्धारण समान कार्य के लिए समान वेतन नीति के तहत ग्रेड पे लागू कर वेतन विसंगति दूर की जाये। कार्य मूल्यांकन पारदर्शिता कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता लाई जाए तथा दुर्भावनापूर्ण आधार पर हटाए गए कर्मचारियों की पुनः बहाली की जाये। वेतन वृद्धि जुलाई 2023 से अन्य विभागों की तरह एनएचएम कर्मचारियों को भी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि एनएचएम कर्मचारियों को आज तक सेवाओं के बदले में किसी भी सरकारी योजना (जैसे सेवा निवृत्ति, आवास योजना आदि) का लाभ नहीं मिल पाया है। साथ ही नियमित पदों पर भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने, अनुबंध नियुक्ति नीति लागू करने, मेडिकल सुविधा, स्थानांतरण नीति और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाओं की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है।



**16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के हित में स्थायीकरण, वेतनवृद्धि और अन्य सुविधाओं की मांग**

# फसल बीमा पोर्टल प्रारंभ, 31 जुलाई अंतिम तिथि

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी होते ही जिले में फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि किसान भाई धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, अरहर, मूंग, कोदो, कुटकी, रागी एवं उड़द जैसी अधिसूचित फसलों के लिए गुरुवार 31 जुलाई तक फसल बीमा करा सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा, मौसम की अनिश्चितता, कीट या रोग प्रकोप जैसी परिस्थितियों में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।




योजना में ऐसे सभी कृषक शामिल हो सकते हैं जो अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसलों की खेती कर रहे हैं। इसमें ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान पात्र हैं, चाहे वे भू-स्वामी हों, बटाईदार हों या किरायेदार। इस योजना के अंतर्गत कृषकों को फसल के प्रकार के अनुसार निर्धारित प्रीमियम राशि का भुगतान करना होता है। जैसे कि धान सिंचित के लिए रू. 1200 प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित के लिए रू. 900, सोयाबीन के लिए रू. 1000, उड़द के लिए रू. 600, कोदो के लिए रू. 440 तथा तुअर के लिए रू. 800 प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित किया गया है।

ऋणी कृषकों का फसल बीमा संबंधित बैंक या सेवा सहकारी समिति के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्हें केवल घोषणा-पत्र और बुवाई प्रमाण-पत्र जमा करना होगा। अऋणी कृषकों को बैंक, सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र में जाकर प्रस्ताव फार्म भरना होगा तथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि स्वामित्व दस्तावेज (बी-1 पांचसाला), किरायेदारी या साझेदारी संबंधी दस्तावेज, बुवाई प्रमाण-पत्र एवं घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।फसल बीमा के लिए आधार कार्ड की नवीनतम या अद्यतन प्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

# अशांति फैलाने वाले बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में 15 जुलाई की संध्या चौकी क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वाले नशेड़ी व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए चौकी चिखली पेट्रोलिंग पार्टी, लालबाग पेट्रोलिंग पार्टी एवं लाइन से प्राप्त बल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करते वक्त असामाजिक तत्व मिले। जिसमें नाबालिकों को समझाईश देकर उनके घर वालों के सुपुर्द कर आवश्यक कार्यवाही किया गया साथ ही एक बाइक में चार लोग घूमने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई एवं बदमाश वशिष्ठ उर्फ विक्की मानिकपुरी पिता राजेश मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष निवासी शांतिनगर पठानपारा वार्ड नंबर 10 को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

# लोकल गाड़ियों के पुनः संचालन पर स्टेशन परिसर में ढोल बाजे व मिठाई बांट कर मनाई गई खुशियां

डोंगरगढ़(दावा)। बुधवार को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा वर्षों से बंद लोकल गाड़ियों के पुनः संचालन किए जाने की खुशी मनाई। जिसके अंतर्गत उनके द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में ढोल धमाके के साथ प्रातः 8:30 को गोंदिया से रायपुर की और जाने वाली लोकल के ड्राइवर को फुल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।वहा उपस्थित सभी यात्रियों का भी मुंह मीठा करवाया गया।



**सांसद संतोष पांडे सहित सहयोगी जनों का जताया गया आभार**

दैनिक रेल यात्री संघ ने इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने के अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके प्रयास से यह संभव हो सका।

राजनांदगांव, भिलाई एवं रायपुर जाने वाले विद्यार्थी एवं नौकरीपेशा गरीब, मध्यमवर्गीय लोगों को इससे राहत महसूस होगी। दैनिक रेल यात्री संघ ने इस मांग को सही मंच पर पहुंचाने के लिए सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, परविंदर सिंह मोंटी का भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री संघ के साथीयों के साथ ही दीपक उके, वीरेंद्र मारोती, शिव बोरकर, उत्तम वर्मा एवं शहर के गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा, जिले में मेडिकल बोर्ड की शुरुआत, 44 व्यक्तियों का परीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त बनाते हुए, नवगठित जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में पहली बार जिला मेडिकल बोर्ड का संचालन सिविल अस्पताल खैरागढ़, परिसर में किया गया। इससे पहले दिव्यांगता या अन्य चिकित्सकीय प्रमाण पत्रों के लिए नागरिकों को राजनांदगांव जैसे अन्य जिलों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो गई है। इस पहल से जिलेवासियों को बड़ी राहत मिली है।

यह महत्वपूर्ण सुविधा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में, संयुक्त कलेक्टर श्रीमति सुमनराज तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है। मेडिकल बोर्ड अब प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।

मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत चिन्हांकित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, सरकारी सेवा, प्रयास विद्यालय, छात्रावास एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

पहले दिन आयोजित इस बोर्ड में कुल 44 आवेदकों का परीक्षण किया गया, जिनमें 33 दिव्यांगजन तथा 11 अन्य आवेदक शामिल थे। परीक्षण के पश्चात सभी को आवश्यक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रही। बोर्ड में डॉ. कुणाल चंद्र झा (जिला अस्पताल कबीरधाम), डॉ. बी.एल. तुलावी (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. विंध्यराज (नेत्ररोग विशेषज्ञ), डॉ. बोधन परते (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. विवेक बिसेन एवं डॉ. पंकज वैष्णव (चिकित्सा अधिकारी) सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्रीमती कंचन मेश्राम, माया चंद्रा, राम अवतार साहू व राजेश ने सहयोग प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है, कि जिन्हें दिव्यांगता अथवा अन्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्रों की आवश्यकता हो, वे नियत तिथि पर सिविल अस्पताल खैरागढ़ में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ अवश्य लें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बोर्ड का संचालन केवल शासकीय अवकाश को छोड़कर ही किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु श्री गुरुनानक शाला के छात्र-छात्राएं चयनित



राजनांदगांव (दावा)। श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित जवाहरलाल नेहरू हॉकी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग 15 वर्ष एवं बालक-बालिका वर्ग 17 वर्ष की टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिला कबीरधाम की टीम को पराजित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया है। अब यह चयनित खिलाड़ी आगामी माह जयपुर (दुर्ग ज़ोन) में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार जनरल सिंह भाटिया, प्रो. हरजीत भाटिया, श्रीमती रूबी गरचा सहित समिति के अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही, राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# नवोदय डोंगरगढ़ की रोशनी वर्मा का चयन निवृत्ति गुरुकुल आईएएस कोचिंग के लिए

डोंगरगढ़ (दावा)। नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ ने एक बार फिर उपलब्धि के नए आयाम को छूते हुए गौरव का क्षण प्रदान किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा रोशनी वर्मा का चयन प्रतिष्ठित निवृत्ति गुरुकुल उडुपी (कर्नाटक) में हुआ है, जहां वह अगले चार वर्षों तक स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ यूपीएससी परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करेगी।



विद्यालय में नियुक्त निवृत्ति गुरुकुल प्रभारी शिक्षक रामकुमार चंद्रा ने जानकारी दी कि गुरुकुल में चयन की प्रक्रिया अत्यंत कठिन होती है, जिसमें देशभर के नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को तीन चरणों की परीक्षा से गुजरना पड़ता है। ऐसे में रोशनी वर्मा का चयन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। प्रभारी शिक्षक श्री चंद्रा ने बताया कि रोशनी वर्मा शुरू से ही एक मेधावी, अनुशासित एवं व्यवहार कुशल छात्रा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे सतत परिश्रम, लगन और मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है।

विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने छात्रा रोशनी वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह न सिर्फ विद्यालय बल्कि जिले के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर बच्चों को भविष्य के लिए प्रेरित करते हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

निवृत्ति गुरुकुल एक ऐसा संस्थान है जो विशेष रूप से नवोदय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चयनित कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग उपलब्ध कराता है। चार वर्षों तक विद्यार्थियों को वहां रहने, पढ़ने और यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी के समस्त खर्च का वहन गुरुकुल द्वारा किया जाता है। विद्यालय परिवार ने रोशनी वर्मा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड ने किया कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) एवं नोवोनेसिस के तत्वाधान में डॉ. राकेश कुमार जोनल मैनेजर कृभको (पूर्वी क्षेत्र) के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के राज्य विपणन प्रबंधक आशुतोष चंद्राकर द्वारा कृभको एवं नोवोनेसिस के अनुबंधित उत्पाद राइजोसुपर के प्रदर्शन एवं शुभारंभ के सापेक्ष में आज दिनांक 15 जुलाई को सायाजी होटल रायपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार, जोनल मैनेजर कृभको (पूर्वी क्षेत्र) रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष दुष्यंत सिंह, मुख्य विपणन प्रबंधक कृभको रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नोवोनेसिस कंपनी के डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ. चिन्मयसर देशपांडे, डॉ. मंजूनाथ, श्रीमती वनीता सहित कृभको के छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के सभी क्षेत्रीय प्रतिनिधि तथा विक्रेतागण सहित लगभग 70 लोग उपस्थित रहे।

कृभको द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागियों को कृभको एवं नोवोनेसिस के नवनिर्मित उत्पाद कृभको राइजोसुपर जो कि एल.सी.ओ. प्रमोटर तकनीकी से बनाया गया है, के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। यह उत्पाद मृदा को पोषण प्रदान करता है जिससे पौधे की जड़ों का विकास होता है और उत्पादकता में वृद्धि होती है जिससे किसान की फसल उत्पादन लागत मे कमी तथा अधिक उत्पादन प्राप्त होता है। कृभको के इस नव निर्मित उत्पाद के छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य के विभिन्न क्षेत्रो मे प्रदर्शन लगाए जाएगें और साथ ही साथ उनका क्षेत्र दिवस कार्यक्रम द्वारा उत्पाद के गुणवत्ता की प्रदर्शनी की जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान सभी सहभागियों से इस तकनीकी युक्त उत्पाद कृभको राइजोसुपर को किसान स्तर तक को पहुंचाने के लिए अनुमोदन किया।

# लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा दिव्यांग बुजुर्गो में कान की मशीन, छड़ी, नी बेल्ट आदि सामानों का किया वितरण

राजनांदगांव (दावा)। शहर में लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा दिव्यांग बुजुर्गो को किट वितरण किया गया। इस संबंध में दी गई जानकारी के अनुसार सेवा की राह में एक कदम और आगे बढ़ते हुए दिव्यांगन कौशल विकास पुनर्वास एवं सशक्तीकरण समेकित क्षेत्रिय केन्द्र (सीआर सी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आमन्त्रित किया गया, जिसमें दिव्यांगन बुजर्गो को किट (कान की मशीन, छड़ी, नी बेल्ट) आदि सामान का वितरण लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर अध्यक्ष लायन अमित खंडेलवाल, ला. उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, एम.जे.एफ. जोन चेयर पर्सन राजकुमार शर्मा, धीरज सोनी, नितेश पटेल, चंद्रिका सिन्हा सहित डायरेक्टर श्रीमती स्मिता महोबिया (सीआरसी) प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर श्रीमती स्नेहा शर्मा (वोकेशनल इंस्ट्रक्टर, सीआरसी) एवं मिस चुनमुन मोहंती (प्रोस्थेटिस्ट एंड ऑर्थोटिस्ट, सीआरसी), ओरिएंटेशन टू सीआरसी सर्विसेस श्रीमती पूजा साहू (फिजियोथेरेपिस्ट, सीआरसी), एंकरिंग मिस फ़रीदा बेगम, फोटोग्राफी मिस्टर पुनीत राम साहू (स्पेशल एजुकेटर) एवं मिस श्रुति पांडेय (स्पेशल एजुकेटर) उपस्थित थे।

बताया गया कि कार्यक्रम के पश्चात पूरी संस्था का विजिट किया गया एवं आगामी 28 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम पर्पल फेयर छत्तीसगढ़ लेबल के संबंध में चर्चा की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लायंस क्लब द्वारा स्टॉल लगाकर सहयोग किया जाएगा।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरु



खैरागढ़ (दावा)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में खैरागढ़ के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत बुधवार को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष मैकाल सदन में हुई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनपद सदस्यों को पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत जनपद पंचायत के कार्य एवं कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

उपस्थित जनपद सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल के द्वारा जिला के मूलभूत जानकारी से अवगत कराते हुए सदस्यों को ग्रामीण विकास के समग्र विकास के बारीकियों के बारे में चर्चा की गई। उनके द्वारा पंचायत राज अधिनियम के तहत जनपद पंचायत के कृत्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। सदस्यों से अपील की गई की प्रशिक्षण में सक्रियता से भागीदारी करते हुए, अधिक से अधिक जानकारी का अर्जन किया जाए। जिससे की जनप्रतिनिधिगण अपने क्षेत्र का बेहतर विकास कर सकें।

# स्वच्छता सामग्री की अवैध सप्लाई पर प्रशासन की कार्रवाई प्रारंभ

## 'दावा' समाचार के खबर का असर

डोंगरगढ़(दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के निर्वाचित पदाधिकारी को संरक्षण देकर आर्थिक लाभ के लिए अवैध कार्य करवाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी होते ही जिला पंचायत सीईओ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छता के नाम से डोंगरगढ़ जनपद के अंतर्गत आने वाले 102 ग्राम पंचायत में अवैध रूप से सामग्री की सप्लाई की गई थी।

मामले का खुलासा दैनिक दावा समाचार पत्र की ओर से होते ही ,जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू से विस्तृत जानकारी ली गई।जिसके आधार पर तत्काल प्रभाव से डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के वरिष्ठ करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर को राजनांदगांव



करारोपण अधिकारी छत्रपाल ठाकुर को राजनांदगांव जिला पंचायत में किया अटैच

जिला पंचायत में अटैच किया गया है। श्री ठाकुर को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की ओर से रिलीव भी कर दिया गया।

चर्चा के दौरान जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू ने पुनः कहा है कि, जनपद पंचायत की ओर से सभी सचिव और सरपंचों से अपनी जिम्मेदारी में ही सप्लाई की गई सामग्री का उपयोग करने या नहीं करने की बात कही गई है।

### प्रत्येक पंचायत में 12 हजार रुपए की स्वच्छता सामग्री की सप्लाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले 102 ग्राम पंचायत में 12 हजार रुपए के हिसाब से अवैध रूप से स्वच्छता सामग्री की सप्लाई की गई थी। जनपद के वरिष्ठ अधिकारी के संरक्षण में स्वच्छता सामग्री की सप्लाई जनपद अध्यक्ष के भाई द्वारा किए जाने की बात सामने आई है। इसमें एक वरिष्ठ सचिव को भी विश्वास में लेकर अवैध कार्य को अंजाम दिया गया था।

# अवैध पशु तस्कर मामले में एक अन्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी करने वाले एक अन्य आरोपी को धर दबोचा है।आरोपी का नाम जसप्रीत सिंह लुथरा पिता स्व. हरमेन्दर सिंह उम्र 44 वर्ष निवासी क्वा.नं. 38 कर्मचारी नगर वार्ड नं. 16 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग बताया जाता है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन में गत 28 जून को मुखबीर से मोबाईल से सुचना मिली कि पिकअप वाहन से अवैध रूप से मवेशी भरकर दुर्ग से नागपुर की ओर कत्लखाना ले जा रहे है। इस सूचना पर हमराह स्टाप के फरहद चौक पहुंचकर चेकिंग पाईंट लगाकर वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग दौरान एक पिकअप वाहन सफेद रंग का बिना नंबर को जिसे रोककर चेक किया जिसमें 04 नग भैंस कीमती 615000/रू. भरा हुआ मिला। आरोपियो को उक्त सभी भैसों का



आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश

बिक्रीनामा दस्तावेज, कोई सक्षम अधिकारी से जारी किया गया दस्तावेज एवं मवेशियों को परिवहन हेतु को अनुज्ञा पत्र पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। जिस पर कोई दस्तावेज नही होना लिखित में दिया गया। आरोपियो से जप्त मवेशी एवं वाहनों को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं आरोपियों का कृत्य धारा पशु क्रुरता अधिनियम का पाये जाने से थाना लालबाग में अप.क्र. 297/25 धारा 4, 6, 10 छ.ग.कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### 0 दुर्ग के भारत डेयरी से भरे गए मवेशी

विवेचना दौरान आरोपीगण से पूछताछ कर कर मेमोरण्डम कथन लेख किया जिसमें आरोपी के द्वारा पुलगांव स्थित भारत डेयरी के जसप्रीत सिंह लुथरा के डेयरी से मवेशियो को भरना बताया एवं आरोपी व संदेही के मोबाईल नंबर का सीडीआर के आधार पर आरोपी जसप्रीत सिंह अपराध में संलिप्त होने से आरोपी के मोबाईल लोकेशन के आधार पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को रिमाण्ड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्यवाही में उप निरी. राजेश कुमार साहू, सउनि ईश्वर यादव, सउनि अश्विनी यदु, आरक्षक राजकुमार बंजारा, राकेष ठावरे, राकेष ध्रुव की भुमिका सराहनीय रही है।

# सुरगी सेवा सहकारी समिति मर्यादित को प्रथम पुरस्कार से किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर में 44 वां नाबार्ड स्थापना दिवस 12 जुलाई 2025 को आयोजन किया गया। जिसमें सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी को सर्वश्रेष्ठ पैक्स सहकारिता मंत्रालय के विभिन्न पहलो को अपनाने के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। उनकी उत्कृष्ट



सेवा समर्पण और योगदान के लिए नाबार्ड छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय कार्यालय नया रायपुर की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

जिला भाजपा राजनांदगांव उपाध्यक्ष व सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी अध्यक्ष लीलाधर साहू एवं प्रबंधक जितेंद्र चंद्राकर को प्रतीक चिन्ह मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया और उन्हें डॉ. ज्ञानेंद्र मणि मुख्य महाप्रबंधक छग क्षेत्रीय कार्यालय राजनांदगांव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ प्रभात मिश्रा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सांकरा प्रबंधक सचिन देशमुख, प्रेमकुमार साहू सुरगी डाटा ऑपरेटर, जितेंद्र साहू पूर्व उपसरपंच ग्राम मुढ़पार उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार हासिल करने पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरगी व उनकी टीम को जिलेवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।



-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# एनबीआईएस बोरी की छात्रा जान्हवी जैन बनी डिस्ट्रिक्ट टॉपर



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के वाणिज्य संकाय (कामर्स) की छात्रा कु. जान्हवी जैन (पिता-नमिताभ जैन 'बंटी') सीबीएसई की कक्षा बारहवीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जान्हवी ने बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय की परीक्षा में अंग्रेजी 91, इकोनॉमी 97, बीएसटी 94, अकाउंट 99 तथा फिजिकल एजुकेशन में 83 अंक प्राप्त की थी। जान्हवी द्वारा अपने फिजिकल एजुकेशन के प्राप्तांक से असंतुष्ट होकर पेपर का पुर्नमुल्यांकन कराया गया। पुर्नमुल्यांकन में जान्हवी के नंबर में बढ़ोत्तरी हुई। पहले 83 थे, जो बढ़कर 90 हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंबरों की बढ़ोत्तरी के आधार पर जान्हवी के पहले 92.8 प्रतिशत थे, जो बढ़कर 94.2 प्रतिशत होने पर अब जान्हवी वाणिज्य संकाय से जिले में टाप पोजीशन पर है। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि शाला का नाम आज सीबीएसई स्कूलों के वाणिज्य संकाय (कामर्स) में टाप पोजीशन पर है। जान्हवी की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक एवं शाला कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# हफीज ने अजमेर शरीफ में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चढ़ाई चादर, मांगी अमन-चैन की दुआ





राजनांदगांव (दावा)। छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने अपने साथियों के साथ खादिम नवाज हाशमी के साथ सुल्तानूउल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्ला अलेह एवं ख्वाजा गरीब नवाज (अजमेर शरीफ)के शहजादे ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती (सरवाड शरीफ) में जियारत कर चादर चढ़ा कर राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं देश में खुशहाली एवं अमन चैन की दुआ मांगने के साथ साथ देश में तरक्की के लिए दुआ मांगी।

# घर में पानी घुसने को लेकर मारपीट, शिकायत दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत संत रविदास वार्ड नंबर 20 के अटल आवास में घर में पानी घुसने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पीड़ित पक्ष ने चोटें आने के बाद लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह घटना बुधवार 16 जुलाई की सुबह करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। मारपीट में पीड़ित टिकेश्वर साहू को बाएं कान और दाहिने पैर में चोटें आई हैं। अटल आवास ब्लॉक नंबर 50 निवासी पीड़ि युवक टिकेश्वर साहू ने बताया कि बुधवार की सुबह




पीड़ित ने की आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

उनके घर के ठीक नीचे रहने वाला जावेद अली अपने घर में पानी घुसने की बात को लेकर उनके घर आया। जावेद ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर हाथ-मुक्कों व जूते से टिकेश्वर के साथ मारपीट की। पीड़ित ने यह भी बताया कि इस दौरान जावेद ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि इस मारपीट की घटना के संबंध में पीड़ित टिकेश्वर साहू (पिता स्व. टीकूराम साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी अटल आवास ब्लॉक नंबर 50) ने अपने पड़ोस में रहने वाले जावेद अली के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में ले लिया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 : राजनांदगांव को मिला देश में 14वां स्थान

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पूरे देश भर के शहरों की स्वच्छता का आंकलन करने के लिये प्रतिवर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है। इस वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के सर्वे में संस्कारधानी राजनांदगांव ने नगर के जनसंख्या के आधार पर 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के केटेगरी में शहर को भारत में 14वॉं स्थान प्राप्त हुआ। वही छत्तीसगढ के सभी जिलों में नगर को 6वॉं स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत में 79वॉं स्थान प्राप्त हुआ था, वही छत्तीसगढ में 7वॉं स्थान मिला था। इस प्रकार राजनांदगांव नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत वर्ष में 79 से 65 स्थान छलांग मारकर 14वॉं स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। देश में 14 स्थान एवं प्रदेश में 6वॉं स्थान प्राप्त करने पर महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सभी सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारियों एवं पत्रकार बंधुओं को बधाई देते हुये सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया है।




- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में संस्कारधानी को मिला 6वॉं स्थान, गत वर्ष थे 7वें स्थान पर
- कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को हर बार की तरह इस बार भी 3 स्टार रैकिंग प्राप्त एवं ओडीएफ ++ का मिला दर्जा
- महापौर व आयुक्त ने सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी, अधिकारियों व कर्मचारियों एवं नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारियों व पत्रकार बंधुओं का जताया आभार

महापौर श्री यादव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा 2024-25 में स्वच्छता सर्वेक्षण कराया गया। जिसमें सभी चरणों के सर्वेक्षण में सफलता प्राप्त कर गत वर्ष के सर्वेक्षण में भारत में जन संख्या के आधार पर प्राप्त स्थान 79 से 65 स्थान छलांग मारकर 14वॉं स्थान प्राप्त कर अपनी गरिमामय जगह बनाई है तथा प्रदेश में 6वॉं स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्वच्छता सर्वेक्षण के कचरा मुक्त शहरों की जारी सूची में शहर को थ्री स्टार रैकिंग दर्जा प्राप्त कर ओडीएफ++ का दर्जा भी प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारे स्वच्छता दीदीयों व सफाई मित्रों को जाता है। जिन्होंने दिन रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के साथ साथ शहर के नागरिकों सामाजसेवी संस्था, व्यापारियों एवं पत्रकार बंधुओं का भी सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके कारण स्वच्छता में उच्च रैकिंग को प्राप्त करने के साथ-साथ हमारा शहर ओ.डी.एफ. प्लस प्लस हुआ। इसके लिये मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का सहयोग हर समय बना रहे। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन एवं विकासमंत्री अरूण साव का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के सर्वेक्षण में छत्तीसगढ के 7 नगरीय निकाय उच्च स्थान प्राप्त कर पूर्व की भांति प्रदेश का दबदबा बरकरार रखा है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश के 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या के आधार पर सर्वेक्षण में 14वॉं स्थान प्राप्त करने एवं प्रदेश में 6वॉं स्थान प्राप्त करने पर निगम के स्वास्थ्य अमला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों की मेहनत का फल हमें प्राप्त हुआ। उनके द्वारा शहर में निःस्वार्थ भाव से साफ सफाई करने, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, एस.एल.आर.एम. सेन्टरों में कचरा का पृथकीकरण कार्य जिस कुशलता से इनके द्वारा किया गया, इसी का परिणाम है कि हम स्वच्छता में उच्च स्थान को प्राप्त कर रहे है। नगर निगम के प्रशासनिक अमला के अलावा शहर की जनता ने भी स्वच्छता सर्वेक्षण के समय अच्छा सहयोग प्रदान किया और सबके सहयोग से ही अच्छा परिणाम प्राप्त हुआ। जिसके कारण शहर की एक अपनी अलग पहचान बनी है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने, स्टार रैकिंग प्राप्त होने तथा ओडीएफ++ का दर्जा मिलने पर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदों ने भी सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार का सहयोग स्वच्छता एवं नगर विकास में अपेक्षित है।

# ऋण पुस्तिका के लिए किसानों को भटका रही है भाजपा सरकार- कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। जिले भर में ऋण पुस्तिका के लिए आम जनता व किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण लोगों को तहसील का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, इसके बाद भी ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं जैसी कई प्रकार की दिक्कतें हो रही है, जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिलेभर में ऋण पुस्तिका की कमी बनी हुई है जिसके कारण किसानों व आम जनता को ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, लोगों को तहसील का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है इसके बाद भी ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं हो पा रही है, ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते किसानों को खाद, बीज व शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि वर्तमान में खरीफ सीजन चल रहा है किसानों को इस समय खाद-बीज की जरूरत होती ऐसे समय ऋण पुस्तिका की आवश्यकता होती है। इसी तरह किसानों को भूमि क्रय व विक्रय करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़



भाजपा षडयंत्र कर किसानों के धान पैदावर कम करने हरसंभव कोशिश कर रही है

रहा है तो वहीं व्यापारियों को जमीन का सौंदा-विक्रय करने में ऋण पुस्तिका की जरूरत होती वह रूक रहा है जिसके कारण शासन को रजिस्ट्री में होने वाले राजस्व आय में घाटा हो रहा है।

श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है समय पर ऋण पुस्तिका न होने पर कई किसान फसल बीमा से वंचित होना पड़ सकता है। सरकार किसानों को 3100 रूपए नहीं देना चाहती है और न ही डीएपी खाद उपलब्ध करा पा रही है। ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने से किसानों को बीज नगदी लेना पड़ा इसी तरह सोसायटियों में फसल भी नहीं बेच पाएंगे, भाजपा षंडयंत्र कर किसानों के धान पैदावर कम करने हरसंभव कोशिश कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की इस परेशानी को अनदेखी कर रही है, जिसके चलते किसान आर्थिक व मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। किसानों के समस्या को देखते हुए कांग्रेसजन राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने की मांग रखी एवं सात दिवस के अंदर ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो कांग्रेसजन किसानों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस दौरान संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, शरद खंडेलवाल, श्रीमती मोहिनी सिन्हा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सुरेन्द्र देवांगन, अब्बास खान, अभिमन्यु मिश्रा, गोपीचंद गायकवाड़, अमिन हुद्दा, छोटेलाल रामटेके, युवराज भारती, नीरज कन्नौजे, मयंक सोनी, नारायण कन्नौजे, मनीष साहू, महेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# खेत में हवा में झूलते वायर के करंट से अधेड़ की दर्दनाक मौत



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली क्षेत्र के दीनदयाल नगर स्थित एक खेत में हवा में झूलते बिजली वायर के संपर्क में आने पर करंट लगने से 65 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना 15 जुलाई की सुबह की बताई जाती है। चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि शांति नगर निवासी कन्हैया लाल यादव पिता दशरथ यादव (65 वर्ष) जो कि दीनदयाल नगर स्थित एक खेत को रेगहा लिया हुआ है। बुधवार की बीती रात अच्छी बारिश होने पर वह 15 जुलाई की सुबह अपने खेत में खाद डालने गया हुआ था। इस दौरान बगल के खेत वाले द्वारा समर्सिबल पंप चलाने हेतु लकड़ी की बल्ली गड़ा कर बिजली कनेक्शन लिया हुआ था, जिसका वायर हवा में झूल रहा था, जिसके संपर्क में आने पर कन्हैया को बिजली का जोरदार झटका लगा, जिससे वह बेहोश हो गया और देर तक वैसे ही पड़ा रहा। देर तक उसी हालत में पड़े रहने से बाद में उसकी मौत हो गई।

# राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षालय का नवीनीकरण

राजनांदगांव (दावा)। रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत देशभर के चुनिंदा रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कर विश्वस्तरीय रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इसी योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत चिन्हित 15 स्टेशनों में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन भी शामिल है। इस योजना के अंतर्गत यात्री सुविधाओं का उन्नयन, अधोसंरचना में सुधार एवं स्टेशन परिसर का समग्र कायाकल्प किया जा रहा है। इसी क्रम में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन



पर स्थित द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का नवीनीकरण कार्य इस सप्ताह आरंभ किया जाएगा। कार्य के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतीक्षालय को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रतीक्षालय को पुनः यात्रियों के उपयोग हेतु खोला जाएगा, जो पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक होगा। यह कार्य यात्रियों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु किया जा रहा है अतः रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि नवीनीकरण कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com